हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 118, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 27 अक्टूबर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम मोदी ने 7 राज्यों में 31,000 करोड़ रु. से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की

### प्रधानमंत्री ने की प्रगति के 43वें संस्करण की अध्यक्षता, कहा- ये प्रोजेक्ट देश के विकास और तरक्की से जुड़े हैं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते बुधवार (25 अक्टूबर) को देश भर में फैले आठ प्रोजेक्ट में लगने वाली 31 करोड़ रुपए की राशि के संबंध में 'प्रगति बैठक' आयोजित की। इस दौरान बैठक में सभी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने कहा, कल, मैंने प्रगति के 43वें संस्करण की अध्यक्षता की, जहां 7 राज्यों में 31,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की गई।



पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पोर्टल को और भी प्रभावी बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। एजेंसी के अनुसार, एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ये प्रोजेक्ट देश के विकास और तरक्की से जुड़े हैं। जिनमें मेट्रो रेल कनेक्टिविटी, दो राष्ट्रीय राजमार्ग, जल आपूर्ति एवं सिंचाई शामिल हैं। ये परियोजनाएं देश के सात राज्य बिहार, झारखंड, हरियाणा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, गुजरात एवं महाराष्ट्र में लागू होंगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पोर्टल उपग्रह इमेजरी जैसी प्रौद्योगिकियों के साथ मिलकर परियोजनाओं के लिए स्थान और भूमि आवश्यकताओं से संबंधित कार्यान्वयन और योजना के विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने में मदद कर सकता है।

प्रेस नोट से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में कुल आठ परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें से चार परियोजनाएँ जल आपूर्ति और सिंचाई से संबंधित थीं, दो परियोजनाएँ राष्ट्रीय राजमार्गों और कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए और दो परियोजनाएँ रेल और मेट्रो रेल कनेक्टिविटी से संबंधित थीं। इन परियोजनाओं की संचयी लागत लगभग रु. 31,000 करोड़ है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उच्च जनसंख्या घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों में परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले सभी हितधारक बेहतर समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें और टीमें बनाएं। सिंचाई परियोजनाओं के लिए, प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि हितधारकों के दौरे आयोजित किए जाएं जहां सफल पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य किया गया है। ऐसी परियोजनाओं का परिवर्तनकारी प्रभाव भी दिखाया जा सकता है। यह हितधारकों को परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन (early execution of projects) के लिए प्रेरित कर सकता है।

## कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, टैंकर से कार की टक्कर में 12 लोगों की मौके पर मौत

चिक्कबल्लापुर। कर्नाटक में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक एसयूवी कार के टैंकर से टकराने से 12 लोगों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना चिक्कबल्लापुर जिला मुख्यालय शहर के बाहरी इलाके में हुई। कार बागेपल्ली से चिक्कबल्लापुर जा रही थी, तभी चालक ने खड़े टैंकर में टक्कर मार दी, जिससे चार महिलाओं सहित 12 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## 'एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने पर दें ध्यान', इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच कमांडरों से बोले रक्षा मंत्री

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायुसेना के कमांडरों से बात की। इस दौरान उन्होंने वायुसेना से तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि इन बदलती स्थितियों के बीच सेनाओं को अपनी परिचालन से जुड़ी तैयारियां भी मजबूत रखनी होंगी। देश में पहली बार आयोजित दो दिवसीय वायुसेना कमांडर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि अधिकारियों को भारत के हवाई रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और ड्रोन्स के इस्तेमाल पर केंद्रित होना चाहिए। बताया गया है कि कमांडरों के बीच हमास-इस्राइल संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में उपजी स्थितियों पर भी चर्चा हुई। राजनाथ ने इस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में कई नई चुनौतियां उभर रही हैं। हमें हमेशा इनसे निपटने के लिए तैयार रहना होगा।" इस बैठक में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की तरफ से भारत के पाकिस्तान और चीन से लगते बॉर्डर पर हवाई सुरक्षा के मुद्दे का भी विश्लेषण किया गया।

## विकास में जाति-धर्म नहीं आएगा आड़े, जनता वैदिक कॉलेज बनेगा विश्वविद्यालय : योगी

बागपत। बागपत जनपद में सीएम योगी आदित्यनाथ आज बड़ा तोहफा देनें पहुंचे हैं। बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कालेज के मैदान से मुख्यमंत्री ने 351 करोड़ रुपये की 311 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। सीएम योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से मौजिजाबाद नांगल के श्री शिव गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। सीएम योगी वहां श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। श्री शिव गोरखनाथ आश्रम मौजिजाबाद नांगल गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का लोकार्पण किया। 256 किलो के घंटे का लोकार्पण किया और रुद्राक्ष पौधे का रोपण किया। सीएम ने यहां लच्छी नाथ, बाबा छोटे नाथ की समाधि के दर्शन कर मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीएम योगी यहां करीब पचास मिनट तक रहे और दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से ही बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कालेज के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो किसी बहन-बेटी के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। यदि कोई किसानों का उत्पीड़न करेगा तो कीमत चुकानी होगी। अपने संबोधन में उन्होंने चौधरी चरणसिंह




का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि मैंने देखा यहां क्या शानदार गन्ना है। लेकिन जब हम आए थे तब किसानों का गन्ना भुगतान नहीं हुआ था। दबाव बनाया और गन्ना भुगतान कराया। कोरोना में भी हमने चीनी मिलें बंद नहीं की चलती रही। हम किसानों के साथ है। हम चाहते हैं कि जब दुनिया में किसी को खेती किसानी सीखनी हो तो वह बागपत आए। बागपत के किसानों का चमत्कार दुनिया देखे, हम इसके लिए प्रयासरत हैं। सीएम ने कहा कि पहले क्या कोई सोचता था कोई कि यहां हाईवे बनेगा। ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बन रहा है। यह विकास का उदाहरण है। बागपत का नौजवान ऊजार्वान है। पूर्वजों ने कॉलेज बनाया, यहां के छात्र विकास कर रहे हैं। यदि आप जमीन के मानक दें दे तो आप प्रस्ताव करें, सरकार को सौंप दें तो जनता वैदिक कॉलेज को विश्वविद्यालय बना देंगे। सीएम योगी ने कहा कि कि जिन कार्यों के लिए दिल्ली के विश्वविद्यालयों में जाना होता है, उनके सभी को हम जनता वैदिक कॉलेज में ही क्यों न करें। सभी सुविधाएं आपको यहीं पर मिलें इसके लिए प्रयास करें। हम पुरा महादेव के लिए भी हम बहुत बड़ी योजना पर काम कर रहे हैं। जनता वैदिक कॉलेज में आयोजित जनसभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, बागपत सांसद डॉ सत्यपाल सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, जसवंत सैनी समेत अन्य नेताओं द्वारा बुके, प्रतीक चिन्ह, बड़ी माला के साथ स्वागत व सम्मान किया। जिस समय मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे, पूरा पांडाल योगी-योगी के नारों से गूंज उठा।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर विपक्ष की सियासत, पीएम मोदी को निमंत्रण पर उठाए सवाल; भाजपा का करारा जवाब

नई दिल्ली। तारीख तय हो गई है, दिन भी निश्चित है। सोमवार, 22 जनवरी 2024 को राम लल्ला अपने घर पहुंच जाएंगे, लेकिन अब इस मुद्दे पर भी सियासत शुरू हो गई है। केंद्र सरकार के हर काम पर तीखी आलोचनाओं के प्रहार करने



वाला विपक्ष करोड़ों देशवासियों की भावनाओं से खेलने से भी बाज नहीं आ रहा है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रित किया गया है, जिसको लेकर अब विपक्षी खेमे के पेट में दर्द शुरू हो गया है। विपक्ष के नेता सवाल उठा रहे हैं कि कार्यक्रम के लिए सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण क्यों भेजा जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा पीएम मोदी को निमंत्रित करने पर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद उठाए हैं। अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि 'क्या निमंत्रण सिर्फ एक पार्टी को जा रहा है? कार्यक्रम में कौन पहुंचेगा और कौन नहीं, इस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती, लेकिन अब क्या भगवान एक ही पार्टी तक सीमित हैं? उन्होंने कहा कि निमंत्रण सभी के लिए होना चाहिए, लेकिन इसे सिर्फ एक पार्टी का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। क्या यह एक पार्टी का कार्यक्रम है या सिर्फ किसी एक व्यक्ति से संबंधित है? इस दौरान खुर्शीद ने मांग रखी की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण सभी को भेजा जाना चाहिए था।' पीएम मोदी को आमंत्रण पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा है कि पीएम मोदी को निमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं हैं। वो खुद इतने बड़े कार्यक्रम से दूर नहीं रह सकते। राउत ने कहा कि राम मंदिर तो बनना ही था, हजारों कारसेवकों ने मंदिर के लिए अपनी जान दी है। इसमें तमाम हिंदूवादी संगठन और पार्टियां शामिल थीं, शिव सेना, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद भी थे। लालकृष्ण आडवाणी ने रथ यात्रा निकाली थी, इन सबका नतीजा है कि राम मंदिर बन रहा है। इसीलिए पीएम मोदी जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि ये चुनाव की तैयारी है।

## श्रीकृष्ण ज्ञान मंदिर के भूमि पूजन में मोहन भागवत बोले- पंथ संप्रदाय अलग हो सकते हैं, धर्म एक है



सहारनपुर। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सारी दुनिया का धर्म एक है, जबकि पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता हैं। धर्म शाश्वत है। इसका अंत होगा तो सृष्टि समाप्त होगी। संत भी अलग अलग संप्रदाय के होते हैं, लेकिन अंदर से सब एक हैं। अंदर और बाहर से पवित्रता जरूरी हैं। संतों के साथ से लाभ मिलता है। ये बातें उन्होंने सरसावा में मंदिर की भूमि पूजन कार्यक्रम में कहीं। संघ प्रमुख ने कहा कि भागवत गीता में भारत के जीवन का निचोड़ है। जिसमें कहा गया है कि कुशलता पूर्वक काम करो। जो भी करो उत्तम करो। जीवन में किसी भी स्थिति से भागना नहीं है। डटकर मुकाबला करना है। स्थिति बदलती रहती है। हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है। प्रकृति के साथ मानवता चले यह भारत का कर्तव्य है। सृष्टि को धर्म की आवश्यकता है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। सभी से हम दोस्ती का भाव लेकर चलते हैं। इससे पूर्व आचार्य अमरावती बाबा ने कहा कि देवबंद में भी हम श्री कृष्ण मंदिर का निर्माण करेंगे। जगत के लिए मंत्री कुंवर बृजेश से संपर्क किया जा रहा हैं।

## कश्मीर में मच्छल सेक्टर से घुसपैठ के प्रयास में दो आतंकी ढेर, दोनों तरफ से हुई गोलीबारी

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मच्छल(कुपवाड़ा) सेक्टर में वीरवार को सेना के जवानों ने आतंकियों की घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम बना दिया। उन्होंने दो आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया। अन्य घुसपैठियों के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रखा गया है। बीते एक सप्ताह के दौरान उत्तरी कश्मीर में घुसपैठ की यह दूसरी घटना है।

इससे पूर्व बीते इतवार को उड़ी सेक्टर में सेना के जवानों ने घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम बनाते हुए दो आतंकियों को मार गिराया था। संबधित अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अपने तंत्र से पहले ही पता चल गया था कि आतंकियों का एक दल कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने के लिए अवसर की तलाश में है। इसके आधार पर सेना ने घुसपैठ की दृष्टि से संवेदनशील कहे जाने वाले सभी अग्रिम इलाकों में



चौकसी बढ़ाई थी। मच्छल सेक्टर में सरदारी नाड़ इलाके में वीरवार तड़के गश्त कर रहे सेना की 56 आरआर और 53 ब्रिगेड के जवानों के एक संयुक्त कार्यदल ने घुसपैठियों को भारतीय इलाके में दाखिल होते देखा।

उन्होंने उसी समय अपनी पोजीशन ली और आस-पास की चौकियों को सचेत कर दिया। जवानों ने घुसपैठियों को ललकारते हुए आत्मसमर्पण के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही आतंकियों ने वापस गुलाम कश्मीर की तरफ भागना शुरू कर दिया। उन्होंने जवानों का अपना पीछा करने से रोकने व उनका ध्यान बंटाने के लिए उन पर फायरिंग की। जवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायर किया। इसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इसमें दो आतंकी मारे गए। अन्य आतंकियों को मार गिराने का अभियान जारी है।

## बलिया में बवाल के बाद पहुंचे गिरिराज सिंह, विरोध में हुई नारेबाजी के बाद लौटे, बोले- ये एक प्रयोग है



बेगूसराय। बेगूसराय के बलिया बाजार में बुधवार की देर शाम एक प्रतिमा के सामने दूसरे समुदाय की महिलाओं द्वारा छत से ईंट गिराने के बाद शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन का गुरुवार सुबह पांच बजे पटाक्षेप हुआ। पूजा समितियों की मांग पर रात तीन बजे हिरासत में लिए गए 10 लोगों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ा गया, तब रात भर सड़क पर रखीं गईं छह पूजा समितियों की प्रतिमाएं शासन की देखरेख में विसर्जित की गईं। अभी सामान्य स्थिति है। पुलिस कैंप कर रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान दूसरे पक्ष की दुकानों की क्षति हुई है, वे लोग मुआवजा मांग रहे हैं। इधर, सूचना मिलने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, विधायक कुंदन कुमार व अन्य नेता ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की है। उधर, पुलिस का कहना है कि प्रतिमा के सामने ईंट गिराने वाली महिलाओं को चिह्नित किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह बलिया बाजार की एक-दो दुकानें खुलीं। वहीं, स्टेशन रोड पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बुधवार रात विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज कर पुलिस ने खदेड़ा था। इसमें कई लोग चोटिल भी हुए थे। जानकारी के अनुसार, बलिया में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को गुरुवार को विरोध का सामना करना पड़ा है।

## यूपी में सियासत तेज: जेल में बंद आजम ने मिलने से किया इनकार, कांग्रेस अध्यक्ष बोले- प्रशासन ने बनाया दबाव

सीतापुर। सीतापुर जिला कारागार में बंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिलने से इनकार कर दिया है। अजय राय गुरुवार को उनसे मुलाकात सीतापुर पहुंचे। जेल प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सपा नेता आजम उनसे मिलना नहीं चाहते हैं। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है। उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है। न तो आजम खां से फोन पर वार्ता कराई गई और न ही उनसे कुछ ऐसा लिखित दिया गया कि आजम खां मिलना नहीं चाहते हैं। अजय राय ने कहा कि भाजपा आजम खां, उनकी पत्नी और बेटे को प्रताड़ित कर रही है। यह ज्यादती ठीक नहीं है। वह आजम






खां की लड़ाई जरूर लड़ेंगे। हम सब उनके दुख में शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा था कि मुस्लिम वोट बैंक को साधने में कांग्रेस इस मुलाकात से असर डाल सकती है। जेल के सूत्रों से मिली खबर के मुताबिक आजम खां ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। जैसे ही यह खबर जेल से बाहर आई कांग्रेस पदाधिकारियों में खलबली मच गई। सीतापुर पहुंचने पर अजय राय ने कहा कि भाजपा की सरकार आजम खां व उनके परिवार को प्रताड़ित कर रही है। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े। जेल प्रशासन के मुताबिक नियमानुसार सप्ताह में सिर्फ एक मुलाकात कराने का नियम है। बुधवार को आजम के बेटे अदीब ने मुलाकात कर ली है। अब अगली मुलाकात अगले सप्ताह ही सम्भव है। वहीं, जेल के सूत्रों के मुताबिक आजम ने जेल के अधिकारियों से कहा है कि वह किसी भी राजनेता से नहीं मिलना चाहते हैं। वह सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों से मिलना चाहते हैं। उन्होंने किसी अन्य नेता से मिलने को लेकर मना कर दिया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों में चर्चा रही कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय इस दुःख की घड़ी में आजम खां से मिलने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के जिन नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस उनके लिए आवाज उठा रही है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि आजम खां ने अजय राय से मिलने मना किया है। आजम खां के साथ आम कैदी जैसा सुलूक किया जा रहा है। जेल मैन्युल के मुताबिक सप्ताह में सिर्फ एक मुलाकात कराई जा सकती है। वह मुलाकात इस सप्ताह हो गई है। यह भी इंकार की एक वजह हो सकती है।

## 'हिंद- प्रशांत हमारे लिए चुनौती और अवसर दोनों', सेना प्रमुख बोले- सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय रहने की जरूरत

नई दिल्ली। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और हमें कई प्रकार के चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय रूप से तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि हम दुनिया में अभूतपूर्व बदलाव देख रहे हैं और रूस-यूक्रेन संघर्ष से हमने सबक सीखा कि हम सैन्य हार्डवेयर के आयात के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। थलसेना अध्यक्ष ने कहा कि 40,000 'अग्निवीरों' का पहला बैच इकाइयों में शामिल हो गया है और क्षेत्र से इसकी प्रतिक्रिया अच्छी और उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि हम सेना में आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर महत्वपूर्ण ध्यान दे रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा ध्यान सेना का पुनर्गठन, प्रौद्योगिकी का समावेश, मौजूदा संरचनाओं में सुधार करने पर है। थल सेना प्रमुख ने हिंद- प्रशांत पर बोलते हुए कहा कि यह हमारे लिए चुनौती और अवसर दोनों साबित होगा और हमें विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय रहने की जरूरत है। रूस-



यूक्रेन युद्ध पर बोलते हुए उन्होंने कहा रूस-यूक्रेन संघर्ष का एक प्रमुख सबक यह है कि विवादित सीमाओं के मामले में कभी भी भूमि युद्ध का एक प्रमुख क्षेत्र बनी रहेगी। हम दुनिया में अभूतपूर्व बदलाव देख रहे हैं। हम वैश्विक मामलों में राष्ट्रीय हित की केंद्रीयता भी देख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्व बढ़ रहा है।

## संपादकीय

# इजरायल-हमास युद्ध में बमबारी से आम नागरिकों की मौत, चिंता की बात

इस महीने के शुरूआती हफ्ते में इजराइली सीमा में घुस कर हमास ने जो हमला किया था, उसने स्वाभाविक ही सभी लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि आतंकवाद की शायद कोई सीमा नहीं है! मानवीयता में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस तरह के हमले का समर्थन नहीं कर सकता। लेकिन उसके बाद इस समूचे इलाके में शुरू हुए युद्ध ने अब जो शक्ल अख्तियार कर ली है, उसने समूची दुनिया के सामने चिंता पैदा कर दी है कि आखिर यह कहां जाकर रुकेगा। हमास के हमले में बड़ी तादाद में इजराइली मारे गए थे। अब उसके प्रतिकार में इजराइल जिस तरह हमला जारी रखे हुए है, उसमें दावा यही किया जा रहा है कि निशाने पर हमास के आतंकवादी हैं, मगर हकीकत यह है कि गाजा पट्टी में लगातार बमबारी की वजह से बड़े पैमाने पर आम नागरिक मारे जा रहे हैं। सवाल है कि क्या युद्ध के दौरान देशों के लिए बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सीमाओं का खयाल रखना किसी पक्ष के लिए जरूरी नहीं रह गया है! गौरतलब है कि मंगलवार को इजराइल ने गाजा पट्टी पर चौबीस घंटे के दौरान लगातार हवाई हमलों के जरिए बमबारी की, जिसमें सात सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबरें आईं। गाजा पर इजराइली बमबारी में एक दिन में मरने वालों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के ठिकानों पर हमले किए हैं, लेकिन सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों को शिकार बनाने से किसका और किस तरह का मकसद पूरा हो रहा है? हमास के हमले का जवाब देने के क्रम में फिलहाल इजराइल का जो तेवर दिख रहा है, उसमें शायद इस बात की फिक्र नहीं है कि युद्ध में कौन मारा जा रहा है और किसे बख्शना है। अब तक गाजा पट्टी में करीब छह हजार से ज्यादा आम नागरिकों की मौत की खबरें आ चुकी हैं। इनमें लगभग आधे नाबालिग या बच्चे थे। यह बेवजह नहीं है कि अब दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता पैदा हो रही है कि इन हमलों का सिरा आखिर कहां जाकर रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की यह व्यथा समझी जा सकती है कि गाजा में हो रहे अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन चिंताजनक है किसी भी सैन्य संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। भारत ने भी बुधवार को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ती स्थिति और संघर्ष में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत को लेकर गहरी चिंता जताई। भारत ने सभी पक्षों से शांति के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाने, तनाव कम करने और हिंसा से बचने सहित सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। यों भी भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने का पक्ष लिया है और इजराइल में हमास के हमले में भी इसका रुख स्पष्ट रहा। लेकिन फिलहाल गाजा पट्टी में साधारण लोग बिजली, पानी की आपूर्ति बाधित किए जाने सहित व्यापक पैमाने पर इलाका खाली करने जैसे त्रासद हालात का सामना कर रहे हैं और इजराइली हवाई हमले में मारे जा रहे हैं, उसके प्रति चिंता जाहिर करना भी भारत सहित मानवता के प्रति सरोकार रखने वाले किसी भी देश की जिम्मेदारी है। विडंबना यह है कि हमास के हमले और उसके बाद शुरू हुए युद्ध में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और युद्ध अपराधों का खयाल रखना भी जरूरी नहीं माना जा रहा है। नतीजतन, इसमें वैसे लोग मारे जा रहे हैं, जो युद्ध और आतंकवाद के लिए जिम्मेदार नहीं हैं और इससे उनका कोई वास्ता नहीं रहा!

## ताजा फिर बयान!



जनता से गुजारिश ।
इनको अब हटाओ ।।
पकड़े गलत राह ।
मार्ग सही बतलाओ ।।
है इनका आतंक ।
ताजा फिर बयान ।।
चिंता वाली बात है ।
होगा देना ध्यान ।।
त्रस्त हुए हम सारे ।
नाक में है दम ।।
लड़ रहे हैं फिर भी ।
नहीं किसी से कम ।।
लौटेगी बहार फिर ।
दिन नहीं वो दूर ।।
है पाना छुटकारा ।
ना रहना मजबूर ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# आखिरकार अपने ज्यादातर समर्थकों को भाजपा का टिकट दिलाने में सफल रहीं वसुंधरा राजे

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फामूर्ला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छह लोकसभा सदस्य, एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया। राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनों नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज हैं कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।




राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थीं। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे। असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता है। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है। जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंद्वियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है। विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार-बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार-बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हाशिये पर धकेली जा रही थीं। सभी राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इस बार के चुनाव में भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को तवज्जो नहीं देगा। मगर पहली सूची जारी होने के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए दूसरी सूची में वसुंधरा राजे व उनके करीबन दो दर्जन समर्थकों को टिकट दिया गया है। वसुंधरा राजे को भी उनकी परंपरागत झालरापाटन सीट से ही पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की दूसरी सूची को देख कर लगता है कि भाजपा आलाकमान ने अपने रुख में बदलाव कर लिया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 51 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसके साथ ही इस सूची में 27 सीटें ऐसी हैं जिन पर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई थी। 16 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं।

भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काटे हैं। इसमें सूरसागर से सूर्यकांता व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल, व घाटोल से हरेंद्र नीनामा शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल कर उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दी गई है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ कर जीत चुके हैं। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती व नागौर से कांग्रेस सांसद रही डॉ. ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की अभी तक जारी की गई सूची को देखकर लगता है कि सबसे अधिक टिकट वसुंधरा समर्थकों को दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडीलाल मीणा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थकों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छाप भी दिखाई दे रही है। संघ से जुड़े कई लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की सूची को देखकर लगता है कि भाजपा आलाकमान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं।

# भारत पिछले कई दशकों की तुलना में आज बेहतर स्थिति में है

भारत में हमारे बड़े बुजुर्गों की कहावतें, महापुरुषों के दोहेऔर पीढ़ियों से सुनते आ रहे कथनों कि, पृथ्वी पर ऐसा कोई व्यक्ति या देश नहीं जिसके पास समस्या नहीं और पृथ्वी पर ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान ना हो मंजिलें चाहे कितनी भी दूर ऊंची हो, कठिन हो, रास्ते हमेशा पैरों के नीचे से ही रहते हैं, सहित अनेको अनमोल कथन है जो हम पीढ़ियों से सुनते आ रहे हैं यदि हम उन पर अमल करें तो समस्याएं हमारे आगे नहीं आएगी यह गुण हर भारतीय केकण कण में समाया है, यही कारण है कि भारत ने कनाडा के साथ मचीतल्खी को दूर करने के लिए चार कदम आगे बढ़े हैं, जो चार कैटेगरी की वीजा सेवा पर लगी रोक हटाई है, जो 26 अक्टूबर 2023 से जारी हो गई है। इसकी अधिकृत सूचना 25 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि दी गई है आज इस कठिन दौर में जहां दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है यूक्रेन-रूस,हमासइजरायल युद्ध अपने चरम स्तर पर चल रहा है। हजारों निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है। अगर हम इस समस्या को भी थोड़ा तुम झुको थोड़ा हम झुके इस तर्ज पर अपना कर आगे बढ़े तो युद्ध को थामा जा सकता है। मेरा मानना है कि इस वैश्विक युद्ध और माहौल की सटीकता से भारत अमेरिका मिलकर ठीक कर सकते हैं अगर भारत और अमेरिका मिलकर एक वैश्विक शांति सम्मेलन बुलाने की तर्ज पर एक रूपरेखा बनाते हैं तो अमेरिका रूस इसराइल चीन इत्यादि देश को बातचीत के लिए शामिल कर कोशिश की जा सकती है जैसे भारत ने अभी कनाडा के साथतल्खी मिटाने के लिए चार कैटेगरी की वीजा पर रोक हटाई है, इसका इशारा भी हमारे विदेश मंत्री ने कौटिल्य इकोनामिक कॉनकेव में रविवार 22 अक्टूबर को ही दे दिया था जो आज हकीकत में बदला इसी तर्ज पर युद्ध ग्रस्त देशों को भी आगे पीछे कर समस्या का समाधान निकल जा सकता है, इसलिए आज हम मीडिय मैं उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल का माध्यम से चर्चा करेंगे कौटिल्य इकोनामिक कान के में भारतीय विदेश मंत्री का इशारा हकीकत में बदला, वीजा सेवा पर चार केटेगरी से रोक हटाना साराहनियां।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अक्टूबर 2023 से कनाडा की चार कैटेगरी की वीजा पर रोक हटाने की करें तो, कनाडा के नागरिकों को भारत के लिए वीजा फिर से देना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल कुछ खास कैटेगरी के तहत आवेदन करने वाले लोगों को ही भारत का वीजा दिया जाएगा। भारत ने कनाडा के साथ खालिस्तानी आतंकवाद पर राजनयिक संबंध खराब होने के बाद कनाडाई नागरिकों को अपने यहां का वीजा देना बंद कर दिया था, लेकिन बुधवार को कनाडा में भारतीय दूतावास ने वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने की जानकारी सभी को दी. भारतीय दूतावास ने अपने नोटिफिकेशन में बताया कि फिलहाल एंट्री वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा और कॉन्फ्रेंस वीजा कैटेगरी के तहत आवेदन करने वाले कनाडाई नागरिकों को ही वीजा दिया जाएगा। कनाडा की राजधानी ओटावा स्थित भारतीय दूतावास ने अपने नोटिफिकेशन में लिखा, कनाडा की तरफ से सुरक्षा को लेकर उठाए गए हालिया कदमों को ध्यान में रखकर स्थिति की समीक्षा के बाद वीजा सेवाओं को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। कनाडाई नागरिक भारतीय वीजा के लिए गुरुवार 26 अक्टूबर से आवेदन करना शुरू कर पाएंगे। भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए नए वीजा जारी करना 21 सितंबर को बंद कर दिया था। यह कदम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के अपनी संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ होने के आरोप लगाने के बाद उठाया गया था. ट्रूडो ने दावा किया था कि उनके देश के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास इस बात पर यकीन करने के पुख्ता कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंटों ने निज्जर की हत्या की है।कनाडा के इस दावे को भारत ने बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था. इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़े हुए हैं।भारत ने अक्टूबर की शुरूआत में कनाडा के 41 राजनयिकों को उनके देश वापस भेज दिया था. यह कदम भारत और कनाडा के बीच राजनयिकों की संख्या का संतुलन बनाने के नाम पर उठाया गया था।

साथियों बात अगर हम रविवार दिनांक 22 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कौटल्य इकोनामिक कांनक्लेव में भारतीय विदेश मंत्री के संबोधन की की करें तो विदेश मंत्री के अनुसार, फिलहाल कनाडा में कई तरीकों से राजनयिकों की सुरक्षा को चुनौती दी गई है। हमारे लोग सुरक्षित नहीं हैं, हमारे राजनयिक सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए अगर हम वहां प्रगति देखते हैं, तो वे चाहेंगे कि वीजा की सेवाएं फिर से शुरू करना बहुत पसंद है। मेरी आशा है कि यह कुछ ऐसा होगा जो बहुत जल्द होना चाहिए। उन्होंने भारत में कनाडा के राजनयिकों की मौजूदगी पर एक सवाल के जवाब में कहा कि एक देश में कितने राजनयिक हैं, दूसरे देश में कितने राजनयिक हैं, ऐसी तुलना का पूरा मुद्दा समता का है। विदेश मंत्री ने कहा, वियना कन्वेंशन में समता को लेकर बहुत अधिक प्रावधान किए गए हैं। इस पर प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय नियम हैं। लेकिन हमारे मामले में, हमने समानता का आह्वान किया क्योंकि हमें कनाडाई कर्मियों द्वारा हमारे मामलों में निरंतर हस्तक्षेप के बारे में चिंता थी। हमने उसमें से बहुत कुछ सार्वजनिक नहीं किया है। मेरा मानना है कि समय के साथ और भी चीजें सामने आएंगी और लोग समझेंगे। हमें कई राजनयिकों के साथ उस तरह की असुविधा क्यों हुई, जैसी हमने कार्रवाई की, लोगों को आने वाले दिनों में इसका जवाब मिलेगा।

दिल्ली में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में विदेश मंत्री ने कहा, अस्थिरता में दूसरा योगदान वैश्वीकृत दुनिया में हो रहे संघर्ष का है। यहां परिणाम नजदीकी भूगोल से कहीं अधिक दूरी तक फैलते हैं। यूक्रेन के संबंध में हम पहले ही इसका अनुभव कर चुके हैं। युद्ध का प्रभाव अभी मध्य पूर्व में क्या हो रहा है? यह अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में, छोटी-छोटी घटनाएं हो रही हैं, उनका भी प्रभाव पड़ता दिल्ली में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "अस्थिरता में दूसरा योगदान वैश्वीकृत दुनिया में हो रहे संघर्ष का है। यहां परिणाम नजदीकी भूगोल से कहीं अधिक दूरी तक फैलते हैं। यूक्रेन के संबंध में हम पहले ही इसका अनुभव कर चुके हैं। युद्ध का प्रभाव अभी मध्य पूर्व में क्या हो रहा है? यह अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में, छोटी-छोटी घटनाएं हो रही हैं, उनका भी प्रभाव पड़ता है।विदेश मंत्री जयशंकर ने दुनिया भर में हो रहीभू-राजनीतिक उथल-पुथल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्य पूर्व में अभी जो हो रहा है उसका प्रभाव अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। उन्होंने भारत और कनाडा के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की। कनाडा की वीजा सेवाओं पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "अभी संबंध एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो समस्याएं हैं, वे कनाडाई राजनीति के एक निश्चित खंड और उससे उत्पन्न होने वाली नीतियों के साथ हैं।

# अमीर और अमीर हो रहे हैं तथा गरीब और गरीब हो रहे हैं, यह एक गंभीर चुनौती है

**ललित गर्ग**

हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के मुताबिक, अरबपति उद्यमियों की संख्या देश में बढ़कर 1319 हो गई है। लेकिन बड़ी बात यह कि पिछले पांच साल में एक हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति वाले लोगों का आंकड़ा 76 फीसदी बढ़ गया है। निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, साल 2047 तक विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर भारत विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान है कि दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। इन उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धियों के बीच चिन्तनीय मुद्दा अमीरी गरीबी का बढ़ता फासला एवं गरीबों की दुर्दशा का होना है। अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब, यह एक गंभीर चुनौती है। पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगल वर्ष लोकसभा में यह चुनावी मुद्दा बनना चाहिए, पर कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? राहुल गांधी ने लगातार गरीबों की दुर्दशा और अमीरों की बढ़ती दौलत का सवाल उठाया है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है।

निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जहां यह भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है, वहीं भारत के लिए एक और सूचकांक गरीबी एवं भुखमरी से जुड़ा भी सामने आया है, जो ज्यादा परेशान करने वाला है। भुखमरी एवं गरीबी से जुड़ा यह सूचकांक समृद्धि के सूचकांक के साथ सामने आया है, जो यह बताता है कि आजादी के अमृत महोत्सव तक की यात्रा का लक्ष्य जिस प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना का था, वह कहीं पीछे छूटता जा रहा है। देश में मानवीय मूल्यों और आर्थिक समानता को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? कहीं शासन-व्यवस्थाएं गरीबी दूर करने का नारा देकर अमीरों को प्रोत्साहन तो नहीं दे रही है? इस तरह की मानसिकता राष्ट्र को कहां ले जाएगी? ये कुछ प्रश्न अमीरी गरीबी की बढ़ती खाई और उसके तथ्यों पर मंथन को जरूरी बनाते हैं।

आज भी सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत के लोग नरेन्द्र मोदी सरकार की कार्यकुशलता, उनकी दूरगामी योजनाओं और उसके द्वारा परिणाम लाने की क्षमता में बहुत विश्वास रखते हैं। निश्चित ही गरीबी भी कम हो रही है, लेकिन इसी कड़ी में भुखमरी के सर्वेक्षण में भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर होना, चिन्ता को बढ़ाता है। विसंगति यह कि पिछले साल से हर क्षेत्र में विकास की घोषणाओं के बावजूद भुखमरी का यह रैंक बढ़ कैसे गया? पिछले साल 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर था।

आंकड़े बता रहे हैं कि हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात बच्चों का वजन नहीं बढ़ पाता। उन्हें पर्याप्त पोषक भोजन नहीं मिल पाता। समय से पहले और कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। वहीं हम गर्व से कहते हैं कि दुनिया में सर्वाधिक युवाओं का देश है भारत। युवा-श्रमशक्ति हमारे पास है। हम देश व दुनिया भर के लिए इस श्रमशक्ति की सस्ती दर पर आपूर्ति कर सकते हैं। देश में भुखमरी से न मरने देने की गारंटी तो दी जाती है लेकिन हर काम करने योग्य व्यक्ति को उचित रोजगार की गारंटी नहीं दी जाती, यह बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है।

गरीबी-अमीरी के असंतुलन को कम करने की दिशा में काम करने वाली वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए इसे घातक बताया है। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी के निर्देशन में बनी गतवर्ष की वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट भी भारत की आर्थिक विषमता की तस्वीर पेश करती है। इसके अनुसार 2021 में भारत के हर वयस्क व्यक्ति की औसत आय प्रतिमाह 17 हजार के करीब थी। लेकिन देश की निचली आधी आबादी की औसत मासिक आय 5 हजार भी नहीं थी, जबकि ऊपर के 10 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत मासिक आय 1 लाख के करीब थी। शीर्ष पर बैठे 1 प्रतिशत की प्रति व्यक्ति मासिक आय लगभग चार लाख रुपए थी। क्या देश एवं दुनिया में गैर बराबरी घट रही है या बढ़ रही है? वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट बताती है कि नब्बे के दशक से लेकर अब तक पूरी दुनिया में गैर बराबरी बढ़ी है। भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई और भी तेजी से बढ़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका फोर्ब्स दुनिया के धनाढ्य बिलियनेयर लोगों की लिस्ट छापती है। फोर्ब्स की भारत के 100 सबसे अमीरों की सूची के अनुसार, मुकेश अंबानी एवं गौतम अडानी के बाद सूची में सॉफ्टवेयर टाइकून शिव नादर 29.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद सावित्री जिंदल की संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वह 24 बिलियन डॉलर वाली चौथे स्थान पर रहीं। शीर्ष पांच में एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का भी नाम है, जिनकी संपत्ति पहले के 27.6 बिलियन डॉलर से घटकर 23 बिलियन डॉलर हो गई है। फोर्ब्स की सूची हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के एक दिन बाद आई जिसमें भी ऐसा ही डेटा दिखाया गया था। हुरुन की सूची के अनुसार भी, मुकेश अंबानी ने गौतम अडानी को पीछे छोड़ते हुए सबसे अमीर भारतीय का खिताब फिर से हासिल कर लिया है। व्यक्तिगत तौर पर यह बात अब खास मायने नहीं रखती कि कौन किस नंबर पर है, क्योंकि दौलत का यह उठाव एक सामूहिक ट्रेंड बन चुका है। पूंजी का बहाव भारत जैसे देशों की तरफ हो रहा है, जिनकी इकॉनमी कई लोकल और ग्लोबल वजहों से बूम कर रही है। इस लिहाज से इस दौलत का जितना रिश्ता निजी उद्यम, हौसले और अक्लमंदी का है, उतना ही उस बदलाव से भी है, जिसे हम नए भारत की कहानी कहते हैं। फिलहाल हम इस बहस में नहीं पड़े कि इन उद्यमियों ने भारत को बनाया है या भारत में होना इन उद्यमियों की कामयाबी की असली वजह है। कुल मिलाकर इतना तय है कि हम इस ट्रेंड को भारत की कामयाबी के तौर पर देख सकते हैं। क्योंकि नागरिक अपने देश की नुमाइंदी ही करते हैं। जैसे बिल गेट्स की कामयाबी अमेरिका की प्रतिभा की कामयाबी है, वैसे ही रिलायंस, अडानी, या दूसरी कंपनियों की कामयाबी भारतीय उद्यमशीलता की कामयाबी है। लेकिन हर कामयाबी अपने साथ नाकामियों का हिसाब भी लेकर चलती है, असंतुलन को न्यौतती हैं। हमारे देश में जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों को आसानी से उपलब्ध हो सके।

# फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति द्वारा पटरी व्यापारियों की भूमिका एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति के द्वारा 26 अक्टूबर गुरुवार मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन में स्मार्ट सिटी वाराणसी में पटरी व्यापारियों की भूमिका एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया` भाजपा नेता अजय सिंह (बाबी) ने कहा कि आज स्मार्ट सिटी में पटरी व्यापारियों की भूमिका पर आयोजित इस कार्यक्रम में हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि आप सभी रेहड़ी पटरी वाले वाराणसी स्मार्ट सिटी की सामाजिक रूपरेखा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं आप लोग ही हमारी स्मार्ट सिटी के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभातें हैं पटरी व्यापारी सड़कों पर चलने वाले वाहनों के बारे में जानकार होते हैं और उनकी यह जानकारी स्मार्ट सिटी के विकास में महत्वपूर्ण है` पटरी व्यापारी नहीं सिर्फ व्यापार करते हैं बल्कि वे सड़कों की सफाई,अनुरक्षण और रखरखाव का काम भी करते हैं, जो शहर की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है उनका योगदान सड़क परिवहन के प्रशासन को भी सहयोग प्रदान करता है कार्यक्रम की अध्यक्षता फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम का संचालन फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने किया व धन्यवाद ज्ञापन फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा ने किया `संगोष्ठी में मुख्य रूप से नगर निगम कर्मचारी संघ वाराणसी अध्यक्ष मनोज कुमार ,नगर निगम कर्मचारी संघ वाराणसी महामंत्री वाचस्पति मिश्रा ,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति संरक्षक अजय सिंह बॉबी ,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति संरक्षक अनिल कुमार , प्रेमचंद पांडे , विजय यादव ,अनूप गुप्ता , धर्मराज गुप्ता ,गौतम साहनी, मुन्नी यादव , कुंती देवी ,अर्चना चंदवानी , मनोज गुप्ता, शीला देवी , मनोज यादव , राजू शर्मा , दीपक रस्तोगी , अजय जायसवाल , बबलू यादव, नंदू गौड़ समेत सैकड़ों पटरी व्यवसायी उपस्थित थे।

## मूक दर्शक बना पीजी कालेज प्रशासन छात्रों का धरना अनवरत पंद्रहवें दिन जारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने पन्द्रहवें दिन बृहस्पतिवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के साथ शोषण कर रहा है और तमाम अनियमितता करते हुए भी हिटलरशाही रवैया अपनाया हुआ है और वही जिला प्रशासन छात्रहित के धरने पर मूकदर्शक कि भूमिका में नजर आ रहा है जिससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है सभी छात्रों ने एक स्वर कहा जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा। बता दें कि छात्र जिस मुद्दों को लेकर धरना दे रहे हैं वह ये है कि छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, बीपीई का रिजल्ट जारी करने कि मांग,फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय,तृतीय



स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग,महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्र नेता प्रद्युमन सिंह यादव, आकाश चौधरी, निलेश बिन्द, मुलायम सिंह यादव, दमन भारती, आलोक कुमार राय, सुजीत यादव, रविकांत यादव, दीपक गुप्ता आदि छात्र मौजूद रहे।

## आरएस वर्ल्ड में टेबल टेनिस टूर्नामेंट का महाकुंभ

प्रखर वाराणसी। स्थानीय आरएस वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर V टेबल टेनिस टूनामेंट का महाकुंभ आज से आरंभ हो गया। विद्यालय में दूसरी बार हो रहे इस टूनामेंट में 26 जिलों के 65 स्कूलों से करीब 500 से अधिक छात्र-छात्रा खिलाडी बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे हैं 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय टूनामेंट में खिलाडी अपने दमदार प्रदर्शन से




अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। नगर के राजा तालाब, खजुरी स्थित आरएस वर्ल्ड स्कूल परिसर में सीबीएसई क्लस्टर V का आयोजन आज से आरंभ हो गया है विद्यालय में आयोजित इस टूनामेंट में प्रतिभाग करने के लिए विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्रा खिलाडियों के साथ ही उनके कोच और टीम मैनेजर भी पहुंच गए हैं। विद्यालय में दूसरी बार हो रहे दूनामेंट में खिलाडियों को किसी भी प्रकार की अवधि न होने पाए इसकी पूरी तैयारियां कर ली गई है। गुरूवार को विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में विद्यालय के वाईस चेयरमैन आयुष जायसवाल ने बताया कि टेबल टेनिस टूनामेंट का शुभारंभ 27 अक्टूबर को होगा और समापन 29 अक्टूबर को होगा कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे सभी खिलाडियों और टीमों को रहने व आर्गेनिक भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होनें बताया कि विद्यालय हमेशा से प्रतिभावान खिलाडियों को बेहतर मंच मुहैया कराने में आगे रहा है। बताया कि आरएस वर्ल्ड स्कूल आगामी 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक काशी सांसद खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन करने जा रहा है, जिससे प्रतिभावान खिलाडियों को इसमें प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होनें बताया कि पिछले साल आठ से 10 दिसंबर तक सीबीएसई क्लस्टर का आयोजन किया गया था, जिसमें चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिमा से अपने जिलों और विद्यालय का मान बढ़ा रहे है। पिछले वर्ष आयोजित टेबल टेनिस टूनामेंट में प्रतिभाग किये और गोल्ड मेडल प्राप्त किया तत्पश्चात नेशनल स्तर पर विद्यालय की टीम ने अपनी प्रतिभा की माध्यम से विद्यालय का मान बढ़ाया।

## डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता-2023 का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

प्रखर संतकबीनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मा0 श्री काशीराम जी स्पोंट्र्स स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में कुश्ती मैट पर आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कुश्ती, प्रतियोगिता-2023 का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मैट पर पहलवानों का हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का विधवत उदघाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुये हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 86



पहलवानो ने विभिन्न भार वर्ग में भाग लिया। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका में श्री यादवेन्द्र यादव, राम सागर चौधरी, देवेन्द्र राय, मनोज यादव, आशुतोष राय, राम लाल यादव, महेन्द्र यादव रहे। प्रतियोगिता का संचालन छोटे लाल (महाकाल) प्रधान जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रदेशिक विकास दल अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय, सचिव जिला कुश्ती संघ सत्यपाल पाल, चन्द्रबली यादव सचिव जिला वालीबाल संध, वी0के विश्वास सचिव जिला फुटबाल संघ, रमेश प्रसाद सचिव जिला एथलेटिक्स संघ, शैलेन्द्र सिंह गुड्डू समस्त अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक, सुमन यादव आदि उपस्थित थे।

## दंगल प्रतियोगिता में 70 हजार की कुश्ती बराबरी पर छुटी



प्रखर वाराणसी। कमालपुर कस्बा स्थित इमाम बाड़ा के पास स्थित अखाड़े में बुधवार संरक्षक दयाराम यादव के नेतृत्व में विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ।दंगल प्रतियोगिता में सत्तर हजार रुपए इनाम राशि की कुश्ती शमशेर पहलवान चकिया व सुनील पहलवान केराकत जौनपुर का मुकावला बिहार सरकार के पूर्वमंत्री व डुमराव के विधायक ददन पहलवान और पूर्व सासंद चन्दौली रामकिशुन यादव ने कराया। बीस मिनट चली कुश्ती बराबर पर छूटी । पूर्व मंत्री बिहार सरकार ददन पहलवान ने कहा जो इज्जत हरियाणा और महाराष्ट्र में पहलवानों को है यहां पर नहीं । एक पहलवान पर पांच हजार तक का खर्च होता है । महाराष्ट्र में महाराष्ट्र केसरी होने पर दो करोड़ रुपया मिलता है। तीन बार के केशरी होने पर सरकार में नौकरी मिल जाती है इसी प्रकार हरियाणा केसरी होने पर हरियाणा सरकार में नौकरी मिल जाती है । आगे कहा कि पहलवानों को नौकरी में 10% आरक्षण होना चाहिए और पंचायत स्तर पर व्यायाम शालायें।पूर्व सांसद रामकिशन यादव ने कहा कि अब कुश्ती में महिलायें आ रही हैं देश के लिए मेडल जीत रही हैं जो काफी सुखद है।

दंगल में महिला पहलवान भावना झांसी और संजू गोरखपुर के बीच रही ल।जिसमें भावना पांच हजार रुपए की इनाम राशि जीती खुशबू गोरखपुर और प्रीति विहार के बीच कुश्ती बराबर रही ` निगम जौनपुर और शमशेर महाराजगंज केबीच पच्चीस हजार इनाम राशि की कुश्ती बराबर रही` संतोष बनारस को चन्दन बलवानी अजीत कमालपुर को आनन्द बरंगा सोनू महाराजगंज ने विकास बरंगा को पटखनी दिया।इस अवसर पूर्व पहलवान सत्य प्रकाश चौबे, दयाराम यादव, पियुष यादव, अभिलाष यादव पप्पू, सोनू यादव, नीरज अग्रहरि पत्रकार, मनोज यादव, सुदामा जायसवाल, सुनील अग्रहरी अमरनाथ जायसवाल, शिवजी वर्मा, भरत रस्तोगी, अरविंद वर्मा, निकेश जायसवाल, अमित यादव लाला,अरुण गुप्ता, राजीव अग्रहरि, गणेश अग्रहरि आदि रहे। कमेंट्री अतहर जमाल ने किया। दंगल में अखाडे के उस्तादों ,पत्रकारों व अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस धीना थाना प्रभारी रमेश यादव, उपनिरीक्षक रामनयन हरिनाथ यादव, हरेंद्र यादव आदि रहे।

## दुर्गा पण्डाल के पास मार-पीट और चाकूबाजी में दो गम्भीर घायल, ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर

रसड़ा, बलिया। स्थानीय नगर में नवरात्रि के अन्तिम दिन नवीं की रात में रसड़ा रामलीला मेला में भारी भीड़ के बीच मिशन रोड के समीप रात्रि लगभग दस बजे कुछ युवकों के दो गुटों के बीच आपस में कहासुनी और मारपीट के दौरान चाकूबाजी की घटना घट गई। इस घटना में स्थानीय नगर के मोहल्ला उत्तर पट्टी निवासी पवन सिंह (26) व सूरज कुमार (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। इस दौरान दोनों की स्थिति चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने दोनों को यहां से रेफर कर दिया तत्पश्चात घायलों में पवन सिंह को ट्रामा सेंटर वाराणसी तथा सूरज को मऊ में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पवन सिंह सामान खरीदने बाजार गये थे। इस दौरान वह उत्तर पट्टी स्थित दुर्गा पंडाल के समीप खड़े थे, तभी भीड़ के दौरान वहां मौजूद कुछ अन्य युवकों से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई, इसी बीच विवाद बढ़ने पर युवकों में मारपीट शुरू हो गई।

## लंका मैदान पहुंचा मेरी माटी मेरा देश के तहत समस्त विकास खंडों से अमृत कलश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन वीरों का वंदन अमृत कलश प्रत्येक विकास खण्डों से समस्त खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत के नेतृत्व में लंका मैदान में पहुंचाया गया। अमृत कलश यात्रा के दौरान समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों में राष्ट्र के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला । अमृत कलश यात्रा में जखनियां खण्ड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, एडियो पंचायत जखनियां राजकमल, एडीओ पंचायत सदर शिव प्रकाश त्रिपाठी, जमानियां खण्ड विकास अधिकारी यशवंत कुमार, भावरकोल एडीओ पंचायत सूर्यभान राय, पवन पाण्डेय के साथ साथ सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल जिला महामंत्री अजय कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू जिला संगठन मंत्री इम्तियाज अहमद मुकेश रावत, अनिल कुमार पंकज यादव महेश भारती, कासिमाबाद पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार, शिवकुमार, रमेश कुमार गौतम एमएलसी प्रतिनिधि डॉ प्रदीप पाठक, डीपीआरओ अंसुल मौर्य सहित हजारों लोग उपास्थित रहे।

## जश्न फैशन लाइफस्टाइल करवाचौथ दिपावली मेले का शुभारम्भ, कई तरह के लगे स्टाल महिलाओं ने जमकर की खरीददारी





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जश्न फैशन लाइफस्टाइल के करवाचौथ और दिपावली के उपलक्ष्य में एक भव्य मेले का आयोजन 26 अक्टूबर गुरुवार को शुभम लॉन महमूरगंज वाराणसी में हुआ` मुख्य अतिथि के रूप में उषा कैजरीवाल एवं गोविंद केजरीवाल और उमा बजाज एवं दीपक बजाज, शालिनी मेहरा, मीना त्रिवेदी, विशिष्ठ अतिथी पूजा टंडन, गिन्नी भाटिया, मोना चक्रवर्ती, डा. शाहीन ने दीप प्रज्वल्लित कर किया उदघाटन मेले में 70 के करीब विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए गए जो कि देश के अलग - अलग शहरों जैसे जयपुर, कोलकता, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, इन्दौर, अमृतसर, सूरत, देहरादून ,मिजार्पुर आदि के साथ-साथ वाराणसी और आस-पास की भी कई नायाब व कलात्मक वस्तुओं के स्टाल्स लगे थे जिनको खास दिपावली और करवाचौथ को केंद्रित कर लगाए गए थे इस मेले में कपड़ों, चादरों , बंदनवार, आर्ट ज्वेलरी, फर्नीचर और हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स, कार्पोरेट गिफ्ट, होम मेड आइसक्रीम, दिल्ली के हेल्थी स्नैक्स एवं नमकीन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे बनारस में पहली बार किसी प्रदर्शनी में रियल ज्वेलरी का भी स्टाल लगाया गया है जहाँ जमकर खरीदारी कर महिलाओं ने जश्न मेले को भरपूर सराहाते हुए कहा कि एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोग की वस्तुओं का संकलन मिलना अद्भुत है वहीं पंचायत का अड्डा की तरफ से विभिन्न प्रकार के स्नैक्स और शेक के स्टाल बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे` महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु लगाए गए जश्न मेला का वाराणसी शहर में आठवां वर्ष है जिसका आयोजन नीतू मुरारका, साक्षी कपूर और नैंसी बत्रा करती हैं सभी अतिथियों ने जश्न टीम की भरपूर तारीफ की और उत्साह वर्धन किया।

## तेज रफ़्तार वाहन की चपेट आकर राज मिस्त्री मरा

रसड़ा, बलिया। रसड़ा-गाजीपुर मार्ग पर सरदासपुर मोड़ के समीप रात में करीब सात बजे अज्ञात चार पहिया वाहन की धक्के से मेला देखकर घर जा रहे एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के सरदासपुर गांव निवासी तेज बहादुर राजभर (40) रसड़ा से पैदल घर जा रहे थे।वह अपने गांव की मोड़ के समीप पहुंचे थे तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वाहन मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 नंबर की एंबुलेंस से उन्हें स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना जानकारी मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व प्रधानाध्यापक को बच्चों ने दी श्रद्धांजलि


प्रखर रोहनिया वाराणसी। गुरुवार को देऊरा ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय रामपुर (बी) के पूर्व प्रधानाध्यापक राम किशोर उपाध्याय का निधन हो गया। विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने पूर्व प्रधानाध्यापक को विनम्र श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानाध्यापक रामकिशोर उपाध्याय ग्राम निदिऊरा के मूल निवासी थे। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय रामपुर बी के वर्तमान प्रधानाचार्य रवि श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार पाल, विनोद उपाध्याय जिला अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ के अलावा विद्यालय के सभी अध्यापक और अभिभावक मौजूद रहे।

### मेडिकल कालेज में सम्भावित डेंगू मरीज मिलने से मलेरिया विभाग में हड़कंप



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला मलेरिया अधिकारी गाजीपुर के गुरुवार को मेडिकल कालेज स्थित डेंगू वार्ड के भ्रमण के दौरान विकास खंड जमानिया के गेरूआ मकसूदपुर ग्राम के एक ही परिवार के दो व्यक्तियों के सम्भावित डेंगू से ग्रसित होकर भर्ती होने की सूचना मिलते ही सहायक मलेरिया अधिकारी रामसिंह और लैब टेक्नीशियन अमरनाथ मौर्या के नेतृत्व में रैपिड रेस्पांस टीम भेजकर गांव में बुखार पीड़ितों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में कुल 29 मरीज चिन्हित किए गए जिनकी डेंगू और मलेरिया की जांच की गई जो जांचोपरांत निगेटिव पाए गए। पुरे गांव में लारवीसाइड का छिड़काव किया गया तथा ग्रामवासियों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। घर-घर जाकर मच्छर जनक परिस्थितियों की जांच भी की गई,जिसके क्रम में एक घर के बाहर हौदी में अनावश्यक पानी एकत्र पाया गया तथा उसमें मच्छर का लार्वा मिलने पर नोटिस दिया गया।

### जिले को किया गौरवांतित, पखनपुरा के लाल फरहान ने जर्मनी में मचाया धमाल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जब कुछ कर दिखाने का जज्बा हो तब राह की हर मुश्किलें आसान नजर आती हैं। जी हां जनपद के तहसील मुहम्मदाबाद के ब्लॉक भांवरकोल के पखनपुरा के रहने वाले फरहान अब्दुल माजिद ने जर्मनी में चल रहे एफ बी बेयर्न कप 2023 फुटबाल प्रतियोगिता में भारतीय जूनियर फुटबॉल टीम का हिस्सा बन अपने खेल प्रतिभा से मैडल प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित करने का काम किया है। दिन वृहस्पतिवार को घर लौटने पर ग्रामीणों ने फरहान का ढोल नगाड़े बजाकर और फूलों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। फरहान ने बताया कि हम लोगों की टीम ने पहला मैच मैक्सिको दूसरा मैच पुर्तगाल और तीसरा मैच जर्मनी की टीम से खेल कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें फरहान ने एक मेडल और एक अंतराष्ट्रीय प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। घर पहुंच कर फरहान ने अपने दादी और परिजनों से आशीर्वाद लिया। मीडिया से मुखातिब हो फरहान ने इस सफलता का श्रेय फखनपुरा फुटबॉल टीम के कोच इंतजार ऊर्फ गुडडू भाई, ज़िला फुटबॉल संघ के जिला सचिव जनाब मेराज खान और यूपी फैडरेशन के कोच इरफान जमा खान को दिया है। इस मौके पर युवा खेल प्रेमी फरहान के चाचा पूर्व प्रधान अब्दुल वाजिद, खेल प्रेमी अमीर हमजा, पखनपुरा के प्रधान जुबैर सिद्दीकी, पूर्व प्रधान नदीम सिद्दीकी, मछटी इंटर एवं महिला डिग्री कॉलेज के मैनेजर इम्तियाज सिद्दीकी, हाजी मन्नान सिद्दीकी, पत्रकार वसीम रजा आदि लोग मौजूद रहे।

### श्री रामलीला समिति भोजुबीर द्वारा रामलीला मैदान में विजयदशमी मेले का भव्य आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री रामलीला समिति भोजुबीर सन 1899 से स्थापित संस्था द्वारा मंगलवार को सायं 7:00 बजे भोजूबीर रामलीला मैदान में विजयदशमी मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे प्रभु श्री राम और रावण के बीच युद्ध हुआ और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई प्रभु श्री राम ने रावण का वध करके बुराई पर अच्छाई के जीत का संदेश दिया` इस दौरान रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल उपस्थित थे जिनको रामलीला समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता महामंत्री विजय अस्थान कोषाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया रामलीला समिति के पदाधिकारीयो को मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक अरविंद सिंह अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता , महामंत्री विजय कुमार अस्थाना, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू ,नंदलाल गुप्ता ,बीरबल यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह , किशन सेठ, दीपक जायसवाल, जग्गी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# सनी लियोनी के साथ रोमांस करते नजर आए आई.एस.अभिषेक सिंह





**उत्तर** प्रदेश के फेमस आई. एस. अभिषेक सिंह एक बार फिर से सुर्खियों में है। आई. एस. की नौकरी छोड़ने बाद अभिषेक सिंह अब बॉलीवुड में अपना करियर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अभिषेक सिंह ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। उन्होंने सनी लियोनी के साथ एक रैप सॉन्ग शूट किया है। उन्होंने सॉन्ग के शूटिंग सेट से एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ अभिषेक सिंह ने जानकारी दी की वो जल्द ही सनी लियोनी के साथ इस सॉन्ग से मनोरंजन जगत में अपने करियर का कदम रखेंगे।



आपको बता दें कि दशहरा के मौके पर अभिषेक सिंह ने अपने फैंस को बधाई देते हुए अपने ट्यूटर हैंडल पर सॉन्ग के शूटिंग सेट का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो के साथ कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा कि 'मैंने अपने रैप सॉन्ग का शूट पूरा कर लिया है।' उन्होंने ये भी बताया कि उनका ये सॉन्ग किसी और नहीं बल्कि उन्होंने खुद ही गाया है। अभिषेक सिंह ने आगे लिखा कि इस सॉन्ग में सनी लियोनी अपने ग्लैमर का तड़का लगाएगी। पूर्व आई. एस. ने आगे लिखा कि जल्द भी आपको लोगों से मुलाकात होगी। सोशल मीडिया पर फैंस के बीच अभिषेक सिंह का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। ●

## मलाइका की फिटनेस के दीवाने हुए लोग

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस को लेकर काफी सजग रहती हैं। मलाइका अरोड़ा खुद को फिट रखने के लिए लगातार जिम और योग करती हैं। मलाइका अरोड़ा एक बार पैपराजी के कैमरे में कैद हुई हैं। मलाइका अरोड़ा अपने बर्थडे के बाद पहली बार जिम जाते हुए नजर आई हैं। मलाइका अरोड़ा की नई तस्वीरों पर लोग कमेंट कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा को जहां उनके चाहने वाले बधाई दे रहे हैं, वहीं ट्रोल्स ने उन्हें निशाना बनाया है। ●



## फिल्म महालक्ष्मी पथ-द इवोल्यूशन 27 अक्तूबर को होगी रिलीज

**बहुप्रतीक्षित** सिनेमाई रत्न, महालक्ष्मी पथ – द इवोल्यूशन, 27 अक्टूबर, को सिनेमा थिएटर्स रिलीज होगी। दिवाली के पूर्व एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर निकलें और पाइये महालक्ष्मी शक्ति का अनुभव इस 125 मिनट की बॉलीवुड स्टाइल में बनी फिल्म महालक्ष्मी पथ – द इवोल्यूशन के साथ। ये फिल्म प्रशंसित गृहलक्ष्मी–द अवेकनिंग की अगली कड़ी है। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई के शिष्य प्रशांत नाइक द्वारा निर्देशित, यह फिल्म परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी द्वारा दिए गए एक अमूल्य उपहार सहज योग के माध्यम से अपनी आंतरिक आध्यात्मिकता की खोज करने वाले चार परिवारों की गहन यात्रा को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करती है। फिल्म महालक्ष्मी पथ – द इवोल्यूशन का निर्माण एक दिव्य अनुभव रहा है, जिसमें माताजी के आशीर्वाद और सहज योग द्वारा परिवर्तित व्यक्तियों की प्रामाणिक और संवेदनशील कहानियों को चित्रित किया गया है। हमें उम्मीद है कि फिल्म दिलों और आत्माओं को छूकर गुजरेगी। यह फिल्म जटिल पारिवारिक संघर्षों , आध्यात्मिक जागृति और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दैवीय कृपा की भूमिका का एक सम्मोहक अन्वेषण है। ●





## 33 साल बाद एक साथ नजर आयेंगे रजनीकांत और अमिताभ बच्चन

**मनोरंजन** जगत के जाने माने मशहूर अभिनेता रजनीकांत की अंतिम रिलीज फिल्म जेलर ने वर्ल्डवाइड धमाका किया है। फिल्म ने 600 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है तथा अब प्रशंसक 'थलाइवर 170' के लिए उत्साहित हैं। 'थलाइवर 170' को एक और कारण जो खास बनाती हैं वो है, अमिताभ बच्चन संग 33 वर्ष पश्चात् रजनीकांत का दिखाई देना। 'थलाइवर 170' से रजनीकांत ने अमिताभ संग एक तस्वीर साझा की है तथा अमिताभ बच्चन की प्रशंसा की है। रजनीकांत ने एक्स (ट्विटर) पर अमिताभ बच्चन संग फोटो साझा की है। फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन का बॉन्ड साफ नजर आ रहा है तथा प्रशंसक इस फोटो पर प्यार लुटा रहे हैं। अमिताभ संग तस्वीर साझा करते हुए रजनीकांत ने लिखा, '33 साल के बाद.. मैं एक बार फिर से मेरे मेंटर, शानदार, अमिताभ बच्चन के साथ थलाइवर 170 में काम करूंगा। लायका प्रोडक्शन वाली फिल्म का डायरेक्शन टीजे ज्ञानवेल करेंगे। मेरा दिल खुशी से झूम रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने हम, अंधा कानून और गिरफ्तार में साथ काम किया है। फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ के अतिरिक्त राणा डग्गुबाती, फहाद फासिल, रितिका सिंह, मंजू वॉरियर और दसरा विजयन प्रमुख किरदारों में नजर आयेंगे। ●




## ताशकंद में मनाया जाएगा भारत समृद्ध सांस्कृतिक जश्न

**दिल्ली** के मध्य में सफदरजंग एन्क्लेव में स्थित प्रतिष्ठित संगीत संस्थान, सरस्वती म्यूजिक कॉलेज, ने दिल्ली में अपने अस्तित्व के सौ साल पूरे होने पर, ताशकंद, उज्बेकिस्तान में अपनी स्थापना के दो दशक पूरे होने पर, ताशकंद के लिए एक सांस्कृतिक सह भ्रमण यात्रा का सफलतापूर्वक हुआ। 25 से 29 अक्टूबर तक मनाया जाएगा और 27 अक्टूबर को सांस्कृतिक उत्सव मनाया जाना है। सरस्वती म्यूजिक कॉलेज की स्थापना 1924 में लाहौर में बंसीलाल कपूर द्वारा की गई थी, विभाजन के बाद दिल्ली में स्थानांतरित हो गया। तब से यह हिंदुस्तानी और पश्चिमी संगीत, भारतीय नृत्य, कला और शिल्प में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है और प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संबद्ध है और बी.आर. के तत्वावधान में है। सैनी जिन्होंने संस्थापक बी.एल. से पदभार ग्रहण किया। कपूर के अनुसार, संस्था आकार और गतिविधियों के दायरे दोनों में बढ़ी और विकसित हुई है। स्टार कलाकारों में इंडी पॉप स्टार दलेर मेहंदी और अनामिका के साथ-साथ प्रसिद्ध बॉलीवुड स्टार और माननीय संसद सदस्य रवि किशन शुक्ला शामिल हैं, जो सरस्वती म्यूजिक कॉलेज की इस शानदार 100 साल की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए विशेष रूप से भारत से आए थे।

**सरस्वती सम्मान**– इसके अलावा, कलाकारों और प्रमुख हस्तियों को उनके कला और संस्कृति के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए, सरस्वती संगीत महाविद्यालय ने वर्ष 1972 के दौरान सरस्वती सम्मान की स्थापना की थी और तब से यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। ●

## सोनी सब पर शुरू हुआ नया शो पशमिन्ना-धागे मोहब्बत के स्टारकास्ट ने खोले कुछ अनोखे राज

**पशमिन्ना** – धागे मोहब्बत के' में पशमिन्ना को एक जीवंत लड़की के रूप में दिखाया गया है, जिसमें एक अटूट भावना है और वह अपनी खुद की प्रेम कहानी गढ़ने की इच्छा रखती है। यह शो कश्मीर के मनमोहक परिदृश्यों के बीच रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करते हुए प्यार पर एक ताज़ा और सम्मोहक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है। पश्मीना की कहानी सूरी और कौल के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें ईशा शर्मा को पशमिन्ना सूरी, गौरी प्रधान को प्रीति सूरी और निशांत मलकानी को राघव कौल के रूप में दिखाया गया है। ऐसे में शो में पशमिन्ना सूरी की भूमिका निभा रहीं ईशा शर्मा और उनके अपोजिट लीड एक्टर निशांत मलकानी ने पंजाब केसरी के साथ अपने कुछ खास लम्हे साझा किए।

**प्रश्नः-कश्मीर में शूट करना कितना मुश्किल रहा, क्या कुछ एक्सपीरियंस रहा यहां शूटिंग करने का ?**

**उत्तरः**-हिमाचल प्रदेश से आने के कारण, मुझे हमेशा से पहाड़ों से गहरा लगाव रहा है। अब, पशमिन्ना के साथ, मुझे पहाड़ों के प्रति अपने प्रेम को एक ऐसी कथा के साथ जोड़ने का सौभाग्य मिला है जो मेरे लिए गहरा महत्व रखती है। पश्मीना एक ऐसा किरदार है जिससे मैं गहराई से जुड़ता हूं और मुझे विश्वास है कि दर्शक भी ऐसा करेंगे। वह एक उत्साही युवा महिला है जिसका अपनी प्रेम कहानी लिखने का सपना है, और कश्मीर की पृष्ठभूमि हमारी कहानी में एक आकर्षक परत जोड़ती है। मैं दर्शकों के हमारे साथ इस हार्दिक यात्रा पर निकलने का इंतजार नहीं कर सकता।



**प्रश्नः- क्या ये जोड़ी आगे भी जाकर बरकरार रहेगी, या सीरियल खत्म होने के बाद चीजे बदल जाएगी ?**

**उत्तरः**-इसके जवाब में निशांत ने बताया की मुझे यह बहुत अच्छी लगती हैं। ये बहुत ही ईमानदार और शांत लड़की हैं। मैं ईशा को बहुत सी चीजे समझाता हूं। मैं उससे ये भी कह चूका हूं की मैं उस दिन का इंतजार जकर रहा हूं जब तू थोड़ी स्मार्ट हो जाएगी।

मैं इसको कभी-कभी मजाक में गाय बोलता हूं। क्योंकि ये गाय की तरह मेहनत करती हैं, और सच में ये बहुत ज्यादा मेहनत करती हैं। और ईशा में सबसे अच्छी बात यह हैं की इसको नए-नए चीजे सिखने की बहुत उत्सुकता रहती हैं। मैं क्यों की एक्टिंग का बहुत अच्छी तरह से परख रखता हूं तो ईशा शूटिंग के शुरूआती दौर में उतनी अच्छी एक्टिंग नहीं करती थी। लेकिन आज मैं गर्व से कह सकता हूं की आज ये सारे सीन्स बेहद ही बखूबी तरह से करती हैं। बहुत बार तो ईशा अपना सोलो सीन्स भी बड़े ही शानदार तरीके से देती हैं। तो मुझे इसपर बहुत गर्व हैं। और हां हमारी दोस्ती आगे भी जरूर ही बरकरार रहेगी।

**प्रश्नः-हितेन और गौरी लम्बे समय के बाद स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं, ऐसे में एक दूसरे के साथ काम कर के कैसा महसूस कर रहे हैं ?**

**उत्तरः**-इस सवाल का जवाब देते हुए हितेन तेजवानी यह कहते दिखे कि बहुत अच्छा लग रहा हैं। लोगों का काफी ज्यादा प्यार मिल रहा हैं। फैंस जो चाहते हैं वो हो रहा हैं। हम पहले भी स्क्रीन पर आ चुके हैं। लेकिन हम दोनों को कुछ अलग चाहिए था। जिसे देखने के बाद लोग यह बोले की ये कुछ अलग हैं, उन्हें मजा आ रहा हैं। लोगों के अंदर ये उत्सुकता आए की अब देख लिया इन दोनों ने एक दूसरे को, अब मिल गए ये दोनों। तो ऐसा ही कुछ एक्साइटमेंट आपको इस सीरियल में देखने को मिलेगा।

**प्रश्नः-कश्मीर में क्या कुछ खास लगा, कितना एक्स्प्लोर किया इस जगह को ?**

**उत्तर**-इसके जवाब में गौरी यह कहते दिखी की, सच बताऊ तो मेरे दिन यहां गिने जाते हैं। क्यों की मुझे यहां बिल्कुल भी टाइम नहीं मिलता हैं। एक बार बस जब हमारी शूटिंग चल रही थी तब सामने के ही दुकान में कारपेट और शॉल दिखे तो मैं लंच ब्रेक में भाग के गयी फिर वहां से थोड़ी बहुत शॉपिंग करके आई थी। तो फिलहाल तो शूटिंग में इतनी व्यस्त हूं की कुछ भी एक्स्ट्रा करने का टाइम नहीं मिल पा रहा हैं। लेकिन शूटिंग खत्म होने के बाद हम कश्मीर को जरूर ही अच्छे तरह से एक्स्प्लोर करेंगे। ●



## आलिया को इस चीज से लगता था भयंकर डर

**आलिया** भट्ट अपनी मां के बहुत क्लोज हैं। आलिया की मां सोनी राजदान का जन्मदिन मना रही हैं। आलिया और उनकी बहन शाहीन का अपनी मां के साथ खूबसूरत सा रिश्ता साफ-साफ झलकता है। दोनों किसी न किसी खास मौके पर साथ नजर आती हैं और फैंस के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर सोनी राजदान को आलिया भट्ट और नीतू कपूर ने भी शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान आलिया भट्ट ने अपनी मां पर प्यार लुटाते हुए खास पोस्ट लिखा है।



कल आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने बचपन की एक पुरानी फोटो शेयर की थी, जिसमें वह अपनी मां सोनी राजदान की गोद में बैठी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी फोटो लेटेस्ट लग रही है, जिसमें वह अपनी मां के साथ बैठी हैं और हंसती हुई नजर आ रही हैं। इस फोटो के साथ आलिया ने लंबा-चौड़ा कैप्शन लिखा है।

**आलिया का पोस्ट**

आलिया ने लिखा, 'आपके बर्थडे पर मैं अपने जन्मदिन को याद करती हूं। मैंने पूरी पार्टी आपकी गोद में बैठकर बिताई थी, क्योंकि मैं उस बड़े से गॉडजिला से बहुत डरती थी, जिसे पाने के लिए मैंने आपको दीवार पर चढ़वा दिया था, लेकिन फिर भी मैं पूरी तरह से संतुष्ट और खुश दिखी और स्पष्ट रूप से वहां कोई जगह नहीं है जहां मैं रहना चाहती हूं। जन्मदिन मुबारक हो मां। हम आपके बिना कुछ भी नहीं होंगे। हम हर दिन हर एक मिनट के लिए आपके आभारी हैंज्मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। ●

## 14 साल की उम्र में अपना कौमार्य खोने के बाद मुसीबत में पड़ गई थीं ब्रिटनी स्पीयर्स

**पॉप** आइकन ब्रिटनी स्पीयर्स ने खुलासा किया है कि 14 साल की उम्र में अपना कौमार्य खोने के बाद वह मुसीबत में पड़ गई थीं। मिरर डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के अनुसार, टॉक्सिक की गायिका ने अपने संस्मरण 'द वुमन इन मी' में अपने किशोर अनुभवों के बारे में खुलकर बात की। बहुप्रतीक्षित किताब ब्रिटनी के उतार-चढ़ाव भरे जीवन की पड़ताल करती है और इसमें कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिसमें पूर्व प्रेमी जस्टिन टिम्बरलेक से गर्भवती होने के बाद उसके गर्भपात का विवरण भी शामिल है। ब्रिटनी ने अपना पहला यौन अनुभव पाठकों के साथ साझा किया, जो तब शुरू हुआ, जब वह अपने 'बुरे' दोस्त के घर के आसपास रह रही थी। वह जिस लड़के पर फिदा थीं, वह आधी रात में घर में घुस आया और दोनों ने चुंबन करना शुरू कर दिया, लेकिन वह इस बात पर जोर देती हैं कि चीजें आगे नहीं बढ़ीं। उन्होंने अपने भाई के सबसे अच्छे दोस्त के साथ डेटिंग शुरू नहीं की। उन्होंने कहा, उस साल मुझे अपने भाई के दोस्तों में बहुत से लड़के पसंद आए। उनमें से एक, उसके सबसे अच्छे दोस्त के साथ मैंने डेटिंग शुरू कर दी। मैंने उसके साथ अपना कौमार्य खो दिया। वह याद करती हैं, सजा के तौर पर मुझे पूरे दिन बाल्टी



लेकर पड़ोस में घूमना पड़ता था और हाईवे पर एक कैदी की तरह कूड़ा साफ करना पड़ता था। ब्रायन तस्वीरें लेते हुए मेरे पीछे-पीछे चलता रहता था और मैं रोते हुए कचरा उठाती रहती थी। ●

## जब माधुरी दीक्षित से तुलना किए जाने पर भड़क गयी थी जूही चावला, ठुकरा दी थी सुपरहिट फिल्म 'राजा हिंदुस्तानी'

फिल्म राजा हिंदूस्तानी करिश्मा कपूर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद करिश्मा कपूर नहीं बल्किन जूही चावला थी। और जूही चावला ने इस फिल्म को ठुकरा दिया था। फिल्म को ठुराते वक्त उन्होंने माधुरी दीक्षित का नाम लिया था। ये क्यों लिया आज हम इस बात का खुलासा करेंगे। करिश्मा कपूर को राजा हिंदुस्तानी की कहानी सौंपने से पहले, निर्देशक धर्मेश दर्शन ने मुख्य भूमिका के लिए जूही चावला से संपर्क किया था। हालांकि, एक्ट्रेस ने ये ऑफर ठुकरा दिया था। लेहरन रेट्रो के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में दर्शन ने उस समय क्या हुआ था, इसके बारे में अधिक जानकारी दी और कहा कि जूही को फिल्म की पेशकश करते समय, उन्होंने उनकी तुलना माधुरी दीक्षित से की थी। 1990 के दशक में माधुरी और जूही दोनों को अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता था। जूही के साथ पहले लुटेरे में काम कर चुके धर्मेश दर्शन ने कहा कि जूही दोबारा लुटेरे जैसी फिल्म में काम करना चाहती थीं। हालाँकि, धर्मेश ने उन्हें यह कहकर समझाने की कोशिश की कि राजा हिंदुस्तानी एक अलग जानवर है, हम आपके हैं कौन की तरह कुछ। इस बिंदु पर, उनका तर्क शुरू हुआ "वह मेरी ओर मुड़ी और बोली, 'लेकिन आप सूरज बड़जात्या नहीं हैं।'

## खबर संक्षेप

### रुपया दो पैसे गिरावट के साथ 83.18 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू बाजारों के नकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के बीच बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे गिरकर 83.18 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों के शेयरों में लिवाल रहने से भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला।

### एक्सिस बैंक के लाभ में 10 फीसदी का उछाल



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 5,863 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक्सिस बैंक ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,329 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### जेनसोल को महाजेनको से मिला 301 करोड़ का ठेका

GENSOL

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड से 301.5 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह अनुबंध सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से संबंधित है। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को महाराष्ट्र में अत्याधुनिक 62 एमडब्ल्यूएसी क्रिस्टलीय सोलर पीवी टेक्नोलॉजी ग्रिड इंटरैक्टिव सोलर पीवी पावर प्लांट का ठेका मिला है।

### होनासा का आईपीओ 31 अक्टूबर को खुलेगा

HONASA

**नई दिल्ली।** होनासा कंज्यूमर लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 31 अक्टूबर को खुलेगा और दो नवंबर को बंद होगा। होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के पास मामाअर्थ और द डर्मा कंपनी जैसे एफएमसीजी ब्रांड का स्वामित्व है। रेड हेरिंग दस्तावेजों के अनुसार, एंकर निवेशक 30 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।

### टेक महिंद्रा के मुनाफे में 61 फीसदी गिरावट




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टेक महिंद्रा का सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 61 प्रतिशत घटकर 505.3 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 1,299.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। दूसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय दो प्रतिशत घटकर 12,864 करोड़ रुपये रह गई।

### टीवी 18 ब्रॉडकास्ट को 65 करोड़ का घाटा

TV18

**नई दिल्ली।** टीवी18 ब्रॉडकास्ट लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 65 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि खेल और डिजिटल मंच में निवेश के कारण उसे घाटा हुआ। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 10.28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। टीवी18 ब्रॉडकास्ट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि हालांकि उसकी एकीकृत परिचालन आय 21.76 प्रतिशत बढ़कर 1,794.17 करोड़ रुपये हो गई।

# सेबी ने राणा कपूर को दी राहत, अकाउंट्स से रोक हटाने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बैंक खातों के साथ डीमैट और एमएफ खातों से भी हटी रोक

कैपिटल मार्केट की नियामक संस्था सेबी ने एक अहम फैसला दिया है। सेबी ने यस बैंक के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राणा कपूर को आज बड़ी राहत दी है। सेबी ने यस बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ राणा कपूर के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर और म्यूचुअल फंड खाते पर लगी रोक हटाने का आॅर्डर दे दिया है। राणा कपूर डीएचएफएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मार्च, 2020 से जेल में हैं।

सेबी ने जुलाई में राणा कपूर को एक नोटिस भेजकर यस बैंक के अतिरिक्त टियर-1 (एटीए) बांड को गलत तरीके से बेचने के मामले में ब्याज और वसूली लागत समेत कुल 2.22 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए कहा था। सेबी ने कहा था कि 15 दिन के भीतर पेमेंट करने में विफल रहने पर गिरफ्तारी के साथ-साथ ऐसेट्स और बैंक खातों को कुर्क किया जा सकता है।

## राणा यस बैंक के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ रहे

### क्या है यस बैंक का मामला

यस बैंक घोटाले मामले की जांच कर रही जांच एजेंसी ईडी ने यस बैंक के फाउंडर राणा कपूर को साल 2020 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। राणा कपूर के खिलाफ सीबीआई ने मार्च 2020 में धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने इस मामले की जांच की और केस दर्ज किया।



### जुर्माना नहीं चुकाने पर भेजा था नोटिस

सेबी ने यह मांग नोटिस सितंबर, 2022 में उनपर लगाए गए 2 करोड़ रुपए के जुर्माने को नहीं चुकाने की वजह से भेजा था। सेबी ने इसके बाद इस साल सितंबर में डिफॉल्टर के तौर पर बैंक-डीमैट अकाउंट्स और म्यूचुअल फंड कॉरपस को जब्त कर लिया था।

### छह हफ्ते में 50 लाख जमा करने का आदेश

सैट ने राणा कपूर को छह हफ्ते के अंदर 50 लाख रुपए जमा करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने तय समयसीमा में इस रकम का पेमेंट कर दिया है। इस मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 20 नवंबर को लिस्टेड किया गया है।

### सैट ने दिया सेबी के आदेश पर स्टे ऑर्डर

प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण-सिक्योरिटीज एपेलेट ट्रिब्यूनल (सैट) ने 12 सितंबर को निजी क्षेत्र के यस बैंक के एटी1 बांड गलत तरीके से बेचने के मामले में सेबी के आदेश पर अंतरिम स्थगन वाली स्टे ऑर्डर दे दिया था। इसके बाद सेबी ने राणा कपूर के बैंक अकाउंट्स पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया है।

## एक अक्टूबर के बाद से रजिस्टर विदेशी कंपनियों का डाटा नहीं

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी का एक लाख करोड़ रुपए बकाया, नोटिस जारी

- सरकार ने कंपनियों पर चलाया डंडा
- बेट के पूर्ण मूल्य पर 28 फीसदी जीएसटी लगाया जाएगा


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के ऊपर सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स का डंडा चलाया है। जिसके तहत अब तक ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपए के कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जीएसटी काउंसिल ने अगस्त में नियम साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग मंच पर लगाए गए बेट के पूर्ण मूल्य पर 28 फीसदी जीएसटीलगाया जाएगा।


जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी के मामले में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपए के कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। एक सीनियर ऑफिसर ने आज यह जानकारी दी है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर के बाद से भारत में रजिस्टर की गई विदेशी गेमिंग कंपनियों का कोई डाटा अभी तक उपलब्ध नहीं है।

### विदेशी कंपनियों को भारत में रजिस्ट्रेशन जरूरी

सरकार ने जीएसटी कानून में संशोधन किया है, जिससे एक अक्टूबर से विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य हो गया। सीनियर ऑफिसर ने कहा, 'ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अब तक जीएसटी अधिकारियों द्वारा करीब एक लाख करोड़ रुपए के नोटिस भेजे गए हैं।'



- जीएसटी काउंसिल ने अगस्त में नियम साफ किया था
- विदेशी गेमिंग कंपनियों का कोई डाटा अभी तक उपलब्ध नहीं



### ड्रीम 11 जैसी कंपनी को मिल चुका नोटिस

ड्रीम11 जैसे कई ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और डेल्टा कॉर्प जैसे कैसीनो ऑपरेटर्स को टैक्स के कथित पूर्ण भुगतान न करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिले हैं। गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स क्राफ्ट को 21,000 करोड़ रुपए की कथित जीएसटी चोरी के लिए पिछले साल सितंबर में कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। कर्नाटक हाई कोर्ट ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। केंद्र सरकार ने फैसले के खिलाफ जुलाई में उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है।

*काउंसिल की बैठकों में कानून संशोधन को मिली थी मंजूरी*

*जीएसटी काउंसिल ने जुलाई और अगस्त में अपनी बैठकों में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को टैक्सेबल कार्रवाई दावों के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। इस कानून के तहत साफ किया गया था कि ऐसी आपूर्ति के मामले में दांव में लगी पूरी राशि पर 28 फीसदी माल और सेवा कर (जीएसटी) लगेगा।*

### डेल्टा कॉर्प के शेयर में लौटी रौनक

भारतीय शेयर बाजार में कैसिनो कंपनी डेल्टा कॉर्प के स्टॉक के लिए आज का दिन बेहद शानदार रहा। स्टॉक बाजार के बिगड़े सेंटीमेंट के बावजूद डेल्टा कॉर्प के शेयर में दिन के ट्रेड में 8 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। पिछले क्लोजिंग लेवल 130 रुपए से स्टॉक सीधे 140.65 रुपए पर जा पहुंचा। आज का कारोबार खत्म होने पर डेल्टा कॉर्प का शेयर 3.69 फीसदी के उछाल के साथ 134.80 रुपये पर क्लोज हुआ है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली राहत

एक साल बाद एक जीएसटी भुगतान को लेकर टैक्स नोटिस झेल रही डेल्टा कोर्प को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जिसके बाद शेयर में लंबे समय के बाद रौनक लौटी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस, हैदराबाद को आदेश दिया है वो डेल्टा कॉर्प और उसकी सब्सिडियरी के खिलाफ जारी किए जीएसटी भुगतान के नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

### टैक्स बकाया को लेकर मिली थी नोटिस

डेल्टा कॉर्प पर 11,139.61 करोड़ रुपए तो उसकी दो सब्सिडियरी हाईस्ट्रीट क्रूज को 3289.94 करोड़ रुपए और डेल्टा प्लेजर क्रूज कंपनी पर 1765.21 करोड़ रुपए के टैक्स बकाये को लेकर नोटिस जारी किया गया है।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

## सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। वित्तीय एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक गिर गए।



- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर
- वित्तीय और आईटी शेयरों में रही बिकवाली

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 522.82 अंक गिरकर 64,049.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 159.60 अंक टूटकर 19,122.15 अंक पर आ गया। यह घरेलू बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,379 अंक और निफ्टी में करीब 690 अंक की बड़ी गिरावट आई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा, 'पश्चिम एशिया में तनाव से बाजार में गिरावट का माहौल है और निवेशक धारणा सतर्क बनी हुई है।


### इन कंपनियों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस में सर्वाधिक 2.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा भारती एयरटेल, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, टाइटन और एक्सिस बैंक में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# 'रेफरेंस' पेट्रोल, डीजल का उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने भारत में पहली बार विशेषीकृत 'रेफरेंस' पेट्रोल, डीजल का उत्पादन शुरू किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 'रेफरेंस पेट्रोल, डीजल का उपयोग वाहन परीक्षण में किया जाता है।



- भारत में पहली बार वाहन परीक्षण के लिए उत्पादन
- अब देश के पास स्वदेशी रूप से विकसित उत्पाद


उच्च विशिष्टता वाला ये ईंधन वाहन विनिर्माताओं और इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसी परीक्षण एजेंसियों के परीक्षण के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारत दशकों से इस विशेष ईंधन के लिए आयात पर निर्भर रहा है। सूत्रों ने कहा कि लेकिन अब, देश के पास स्वदेशी रूप से विकसित उत्पाद हैं जिससे वाहन विनिर्माताओं और परीक्षण एजेंसियों के लिए बहुत कम लागत पर विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। आईओसी जैसी पेट्रोलियम कंपनियां अपने पेट्रोल पंप नेटवर्क के माध्यम से मुख्य रूप से दो प्रकार के पेट्रोल और डीजल बेचते हैं - नियमित और प्रीमियम। सामान्य और प्रीमियम ईंधन के बीच सबसे बड़ा अंतर ऑक्टेन नंबर में होता है। नियमित ईंधन की ऑक्टेन संख्या 87 होती है, लेकिन प्रीमियम ईंधन की ऑक्टेन संख्या 91 या उससे भी अधिक होती है।

### आवश्यकताएं आयात से पूरी की जाती थी

सूत्रों ने कहा कि चूंकि ऐसे ईंधन के लिए मात्रा की आवश्यकताएं पारंपरिक रूप से बहुत अधिक नहीं थीं, इसलिए रिफाइनरियां उनका उत्पादन नहीं करती थीं। वाहन परीक्षण के लिए 'रेफरेंस' ईंधन की सभी आवश्यकताएं आयात से पूरी की गईं। सरकार के 'आत्मनिर्भर' मिशन के तहत आईओसी ने अपनी रिफाइनरी में 'रेफरेंस' ईंधन का उत्पादन शुरू कर दिया है।

# सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 61,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'बुधवार को सोने में मजबूती के साथ कारोबार हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 रुपये ऊपर था।'उन्होंने कहा, 'इस बीच, त्योहारी सीजन के साथ घरेलू बाजार में सोने की खुदरा आभूषणों की मांग में सुधार होने की संभावना है।' इस बीच, चांदी की कीमत 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,974 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी की कीमत भी नुकसान के साथ 22.88 डॉलर प्रति औंस रह गयी।



# निजी बैंक दो पूर्णकालिक निदेशक रखें : आरबीआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को निजी बैंकों और विदेशी बैंकों की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगियों से अपने निदेशक मंडल में प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समेत कम-से-कम दो पूर्णकालिक निदेशकों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती जटिलता को देखते हुए, वर्तमान एवं उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए बैंकों के लिए एक प्रभावी वरिष्ठ प्रबंधन टीम का गठन अनिवार्य हो जाता है। इसमें कहा गया है, 'ऐसी टीम की स्थापना से बैंक की उत्तराधिकार योजना में मदद मिल सकती है। यह एमडी एवं सीईओ पदों के लिए कार्यकाल और ऊपरी आयु सीमा से संबंधित नियामकीय शर्तों की पृष्ठभूमि में और भी महत्वपूर्ण है।'रिजर्व बैंक ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मुद्दों और चुनौतियों के समाधान के लिए उनके निदेशक मंडल में एमडी और सीईओ सहित कम-से-कम दो पूर्णकालिक निदेशक मौजूद हों।

- बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती जटिलता को देख उठाया कदम



*बैंक न्यूनतम शर्तों को भी पूरा नहीं करते*

*परिपत्र के मुताबिक, 'इन निर्देशों के संदर्भ में जो बैंक फिलहाल न्यूनतम शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव चार महीने के भीतर जमा करने की सलाह दी जाती है।' इसमें कहा गया है कि जिन बैंकों के संगठन नियमों में पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधान नहीं हैं, वे पहले आरबीआई से जल्द मंजूरी मांग सकते हैं।*

## पीएम कल करेंगे इंडिया मोबाइल का उद्घाटन ...




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे बड़े दूरसंचार उद्योग कार्यक्रम 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023' के सातवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। दूरसंचार विभाग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। डीओटी ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' 2023 का उद्घाटन करेंगे।' इस वर्ष इस कार्यक्रम में 1,00,000 से अधिक प्रतिभागियों, 1,300 से अधिक प्रतिनिधियों, 400 से अधिक वक्ताओं, 225 से अधिक प्रदर्शकों और 400 स्टार्टअप के शामिल होने की उम्मीद है।

## बिजनेस साइट

# मुथूट स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** मुथूट ग्रुप वित्तीय सेवाओं एवं कॉरपोरेट, सामाजिक उत्तर दायित्व में एक शीर्ष नाम ने विगत 18 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 3 मुथूट स्मार्ट आंगनबाड़ी केन्द्रों का सरकारी संयुक्त विद्यालय करहेड़ा मोहन नगर गाजियाबाद में शुभारंभ किया गया। यह उद्घाटन अलेक्जेंडर जार्ज मुथूट, संयुक्त प्रबंध निदेशक, द मुथूट ग्रुप द्वारा शशि वार्ष्णेय, जिला परियोजना अधिकारी, गाजियाबाद, रोटरी क्लब दिल्ली, वसंत कुंज के सदस्यों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर जार्ज मुथूट ने अपने उद्घाटन में आंगनबाड़ियों की शिशु मस्तिष्क के पालन पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। मुथूट ग्रुप आधुनिक शिक्षा उपकरणों, फर्नीचर, पोर्टेबल ड्रिंकिंग वाटर एवं साफ सुथरा शौचालयों का निर्माण कर स्कूलों की व्यवस्था में सुधार लाने की दिशा में कार्य कर रहा है। द मुथूट ग्रुप भी स्कूल बैग, शाला गणवेश, जूते एवं अध्ययन सामग्रियों का वितरण गरीब एवं जरुरतमंद छात्रों को कर रहा है।



## इंफोसिस के सलिल चौधरी का जलवा

# भारतीय सीईओ की रोज की कमाई 15 लाख रुपए!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी ने हमें कुछ सबसे पॉपुलर टेक सीईओ दिए हैं। ये दुनिया भर की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों को लीड कर रहे हैं। ऐसे ही एक आईआईटी बॉम्बे ग्रेजुएट वर्तमान में 580000 करोड़ रुपए से ज्यादा की मार्केट कैप वाली भारत की दूसरी सबसे बड़ी टेक कंपनी के सीईओ हैं।

- सलिल पारेख के पास आईटी सेक्टर में करीब 30 साल का अनुभव

आईआईटी के पूर्व छात्र दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ में से एक हैं। हालांकि फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के लिए पैकेज 21 प्रतिशत कम हो गया, फिर भी वह पिछले फाइनेंशियल ईयर में 56.4 करोड़ रुपए कमाने में सफल रहे। इसका मतलब है कि आईआईटियन ने रोजाना 15.4 लाख रुपए कमाए।

### सैलरी में 88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई

साल 2022 में इंफोसिस ने उनकी सैलरी में 88 फीसदी की बढ़ोतरी की। उनका सालाना मुआवजा 42.50 करोड़ रुपये था। बढ़ोतरी के बाद उनका सैलरी पैकेज 79.75 करोड़ रुपए हो गया, जो रोजाना 21 लाख रुपए से ज्यादा है। सलिल पारेख ने 2 जनवरी 2018 को अंतरिम सीईओ यू बी प्रवीण राव से इंफोसिस की कमान संभाली।




### आईआईटी ग्रेजुएट है

हम जिस सफल आईआईटी ग्रेजुएट के बारे में बात कर रहे हैं, वह इंफोसिस के सीईओ और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, सलिल पारेख के पास आईटी सेक्टर में करीब 30 साल का एक्सपीरिएंस है, जिसमें बिजनेस में बदलाव लाने और सफल प्रबंधन का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है।

### 25 साल तक कई लीडिंग पदों पर काम

सलिल पारेख ने आईआईटी बॉम्बे से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग पूरी की। इसके बाद कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इंफोसिस में शामिल होने से पहले, पारेख अर्न्स्ट एंड यंग में पार्टनर थे। 2000 से, सलिल कैपजेमिनी में ग्रुप एग्जीक्यूटिव बोर्ड के मेंबर थे, जहां उन्होंने 25 साल तक कई लीडिंग पदों पर काम किया। जहां उन पर कंपनी की बिजनेस स्ट्रेटजी की जिम्मेदारी थी।

# स्काई ऑटोमोबाइल्स ने इस त्योहारी सीजन ग्राहकों को दी सौगात

**रायपुर।** मारुति सुजुकी का छत्तीसगढ़ में 36 साल पुराना सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद डीलरशिप स्काई ऑटोमोबाइल्स अपने सम्माननीय ग्राहकों को दशहरा एवं दिवाली की शुभकामनाओं के साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लगभग 2 लाख से ज्यादा संतुष्ट ग्राहकों को नई गाड़ी के सपनों को पूरा करने का मौका दिया है। इस त्योहार के मौके पर अपने सपनों को साकार करने के लिए स्काई ऑटोमोबाइल्स ने अपने छत्तीसगढ़ के ग्राहकों के लिए अरेना एवं नैक्सा की गाड़ियों की खरीदी करने पर अधिकतम छूट की घोषणा की है। इस त्योहार के मौके पर स्काई ऑटोमोबाइल्स के छत्तीसगढ़ की सभी अरेना शाखाओं के विभिन्न मॉडल्स पर 1,11,000 तक की छूट और सभी नेक्सा शाखाओं के विभिन्न मॉडल्स पर 1,75,000 तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# मैक्सवेल के तूफान में उड़ा नीदरलैंड्स

## वनडे वर्ल्डकप: ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को रिकॉर्ड 309 रनों से हराया




**ग्लेन मैक्सवेल ने अपने बेटे लोगन को समर्पित किया शतक**

ग्लेन मैक्सवेल ने शतक जड़ने के बाद खास अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने यह शतक अपने नवजात बेटे लोगन को समर्पित किया। मैक्सवेल इस साल 15 सितंबर को ही पिता बने थे।

नई दिल्ली, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर (104) और स्टीव स्मिथ (71) के बीच 132 रन की शतकीय साझेदारी के बाद ग्लेन मैक्सवेल (106) के तूफानी शतक और ऐडम जम्पा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बुधवार को यहां आईसीसी वनडे वर्ल्डकप मुकाबले में नीदरलैंड्स को रिकॉर्ड 309 रनों से हराकर विश्वकप की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने अंकतालिका के शीर्ष-4 में जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 399 रन का भारी भरकम स्कोर खड़ा किया। 400 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम 21 ओवर में 90 रन ढेर हो गई। नीदरलैंड्स की ओर से सबसे अधिक 25 रन विक्रमजीत सिंह ने बनाए। इनके अलावा कोई भी प्लेयर 20 का आंकड़ा नहीं छू सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जम्पा ने आठ रन देकर चार विकेट लिए। मिचेल मार्श ने दो विकेट लिए। वहीं पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अरूण जेटली स्टेडियम पर मैक्सवेल ने विश्वकप में महज 40 गेंदो पर शतक बनाने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका मिचेल मार्श (9) के रूप में जल्द ही लगा मगर इसके बाद वार्नर और स्मिथ ने नीदरलैंड्स के गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये शानदार स्कोर की शानदार बुनियाद रखी जिस पर मार्नस लाबुशेन (62) और मैक्सवेल ने रनो का पहाड़ खड़ा कर लिया। नीदरलैंड्स के लिए वैन बीक सबसे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होने 74 रन लुटा कर मार्श,वार्नर,मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क का विकेट हासिल किया जबकि बास डालीडे ने 115 रन खर्च कर दो विकेट झटके।







### डेविड वॉर्नर ने की सचिन तेंदुलकर की बराबरी

- डेविड वॉर्नर वर्ल्डकप इतिहास में सर्वाधिक लगाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। वॉर्नर और सचिन ने वर्ल्ड कप में 6-6 शतक ठोके हैं। वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़ा दिया, जिनके खाते में पांच-पांच शतक हैं। इस लिस्ट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉप पर हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप में 7 शतक लगाए हैं।
- वॉर्नर सबसे तेज 22 वनडे शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 153 पारियों में इस आंकड़े को छू लिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के पूर्व एबी डिविलियर्स और भारत के रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा। जिन्होंने क्रमश: 186 और 188 पारियों में 22 वनडे शतक बनाए। साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला के नाम सबसे तेज 22 शतक बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 126 पारियों में यह कमाल किया था। दूसरे नंबर भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली (143 पारी) हैं।
- वॉर्नर वर्ल्डकप में ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार दो मैचों में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के स्पेशल क्लब में शामिल हो गए हैं। वॉर्नर के अलावा मार्क वॉ (1996), पोंटिंग (2003-07) और मैथ्यू हेडन (2007) ने वर्ल्ड कप में लगातार दो सेंचुरी जड़ी हैं।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श कै. ऐकरमैन बो. बीक | 09 | 15 | 2/0 |
| डेविड वॉर्नर कै. दत्त बो. वैन बीक | 104 | 93 | 11/3 |
| स्टीव स्मिथ कै. मर्व बो. दत्त | 71 | 68 | 9/1 |
| मार्नस लाबुशेन कै. दत्त बो. डलीडे | 62 | 47 | 7/2 |
| जॉश इंग्लस कै. एंगलब्रेख्त बो. डलीडे | 14 | 12 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल कै. एंगलब्रेख्त बो. बीक | 106 | 44 | 9/8 |
| कैमरन ग्रीन कै. रन आउट | 08 | 11 | 1/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 12 | 09 | 2/0 |
| मिचेल स्टार्क कै. ऐकरमैन बो. वैन बीक | 00 | 01 | 0/0 |
| ऐडम जम्पा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 12, **कुल**: 50 ओवर में आठ विकेट पर 399 रन, **विकेट पतन**: 1-28, 2-160, 3-244, 4-266, 5-267, 6-290, 7-393, 8-393 **गेंदबाजी**: आर्यन दत्त 7-0-59-1, कॉलिन ऐकरमैन 4-0-19-0,लोगन वैन बीक 10-0-74-4, पॉल वैन मीकरेन 10-0-64-0,विक्रमजीत सिंह 4-0-27-0, रुलॉफ वैन डर मर्व 5-0-41-0,बास डलीडे 10-0-115-2.

| नीदरलैंड्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह रन आउट | 25 | 25 | 6/0 |
| मैक्स ओ डाउड बो. स्टार्क | 06 | 09 | 1/0 |
| कॉलिन ऐकरमैन पगबाधा हेजलवुड | 10 | 11 | 2/0 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त कै. वॉर्नर बो. मार्श | 11 | 21 | 1/0 |
| बास डलीडे पगबाधा कमिंस | 04 | 07 | 1/0 |
| स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद | 12 | 22 | 0/0 |
| एन अनिल तेजा कै. इंग्लस बो. मार्श | 14 | 18 | 2/0 |
| लोगन वैन बीक कै. इंग्लस बो. जम्पा | 00 | 03 | 0/0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व पगबाधा जम्पा | 00 | 01 | 0/0 |
| आर्यन दत्त पगबाधा जम्पा | 01 | 08 | 0/0 |
| पॉल वैन मीकरेन कै. इंग्लस बो. जम्पा | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 7, **कुल**: 21 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-28, 2-37, 3-47, 4-53, 5-62, 6-84, 7-86, 8-86, 9-90, 10-90 **गेंदबाजी**: मिचेल स्टार्क 4-0-22-1, जॉश हेजलवुड 6-0-27-1, पैट कमिंस 4-0-14-1, मिचेल मार्श 4-0-19-2, ऐडम जम्पा 3-0-8-4.

### वर्ल्डकप में सबसे तेज शतक (कम गेंदों में)

| | | |
|---|---|---|
| 40 | ग्लेन मैक्सवेल बनाम नीदरलैंड्स | 2023* |
| 49 | एडेन मार्कराम बनाम श्रीलंका | 2023 |
| 50 | केविन ओब्रायन बनाम इंग्लैंड | 2011 |
| 51 | ग्लेन मैक्सवेल बनाम श्रीलंका | 2015 |
| 52 | एबी डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज | 2015 |

### वनडे में सबसे तेज शतक (कम गेंदों में)

| | | |
|---|---|---|
| 31 | एबी डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज | 2015 |
| 36 | कोरी एंडरसन बनाम वेस्टइंडीज | 2014 |
| 37 | शाहिद अफरीदी बनाम श्रीलंका | 1996 |
| 40 | ग्लेन मैक्सवेल बनाम नीदरलैंड्स | 2023* |

### मिचेल स्टार्क ने की मलिंगा की बराबरी

मिचेल स्टार्क वर्ल्डकप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। विश्वकप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा के नाम है। उन्होंने 39 मैच में 71 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं, उन्होंने 40 मैच में 68 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 23 मैच में 56 विकेट चटका लिए हैं, जबकि श्रीलंका के ही लसिथ मलिंगा ने 29 मैच में 56 विकेट झटके थे।

### वर्ल्डकप काउंटर

**बाउंड्री मीटर**

| | |
|---|---|
| छक्के | 317 |
| चौके | 1147 |

### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| क्विंटन डी कॉक | द.अफ्रीका | 407 |
| विराट कोहली | भारत | 354 |
| डेविड वॉर्नर | कंगारू | 332 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| ऐडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 13 |
| मिचेल सैंटनर | न्यूजीलैंड | 12 |
| जसप्रीत बुमराह | भारत | 11 |

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 | 1.353 |
| द. अफ्रीका | 5 | 4 | 1 | 8 | 2.370 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.481 |
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 3 | 2 | 6 | 1.142 |
| पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.400 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.969 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.048 |
| इंग्लैंड | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.248 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.253 |
| नीदरलैंड्स | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.902 |

### काली पट्टी बांधकर उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरी। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फवाद अहमद के परिवार वालों को सपोर्ट करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने काली पट्टी बांधी। इसी साल जून में फवाद अहमद की दूसरी संतान ने जन्म लिया था। पूर्व स्पिनर फवाद अहमद के के बच्चे को शुरू से ही काफी दिक्कतें थीं। उसे मेलबर्न रॉयल चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई। फवाद और उसके परिवार के लिए यह काफी मुश्किल समय है और ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने उन्हें सपोर्ट दिखाने के लिए काली पट्टी बांधी है। फवाद ने अगस्त 2013 में ऑस्ट्रेलिया की ओर से डेब्यू किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से कुल दो टी20 और तीन वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

### स्टीव स्मिथ ने जड़ा अर्धशतक गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा

स्टीव स्मिथ वर्ल्डकप इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अब तक वर्ल्ड कप में 10 बार ऐसा किया हैं। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की, जिन्होंने वर्ल्डकप में 9 बार 50 से अधिक का स्कोर किया था। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग शीर्ष पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 11 बार 50 प्लस स्कोर बनाया।

### रनों के लिहाज से वर्ल्डकप की सबसे बड़ी जीत

| | | |
|---|---|---|
| 309 | ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को हराया | 2023* |
| 275 | ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को मात दी | 2015 |
| 257 | दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को धूल चटाई | 2015 |
| 256 | ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को रौंदा | 2003 |
| 243 | श्रीलंका ने बरमूडा को शिकस्त दी | 2007 |

### वनडे में सबसे बड़ी जीत (रनों के हिसाब से)

| | | |
|---|---|---|
| 317 | भारत बनाम श्रीलंका | 2023 |
| 309 | ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड | 2023* |
| 304 | जिम्बाब्वे बनाम यूएई | 2023 |
| 290 | न्यूजीलैंड बनाम आयरलैंड | 2008 |
| 275 | ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान | 2015 |

### वनडे की एक पारी में सर्वाधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज बने नीदरलैंड्स के बास डलीडे

नीदरलैंड्स के बास डलीडे वनडे की एक पारी में सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 ओवर में 115 रन खर्च कर दिए। लीडे ने एडम जम्पा और मिक लुईस का रिकॉर्ड तोड़ा हैं। दोनों 113-113 रन लुटा चुके हैं। दोनों ने यह रन साउथ अफ्रीका के खिलाफ खर्च किए थे।

## सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम रखने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

### श्रीलंका से होगी भिड़ंत, मैच दोपहर 02 बजे से

बेंगलुरू, (एजेंसी)। श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले वनडे वर्ल्डकप 2023 के 25वें मुकाबले में गत चैंपियन इंग्लैंड के पास अपने अभियान को पटरी पर लाने का आखिरी मौका होगा।

यह मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में दोपहर 02:00 बजे से शुरू होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड के चार मैच में श्रीलंका के समान दो अंक हैं और वे तालिका में नौवें स्थान पर हैं। अब अगर टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचना है, तो उन्हें बाकी सभी मैच हरहाल में जीतने ही होंगे। श्रीलंका टीम का भी प्रदर्शन इस विश्वकप में कुछ खास नहीं रहा है। चोट के कारण टीम के कई खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। साथ ही उन्हें 3 मैच में हार भी मिली है। ऐसे में वह यह सब भूलाकर इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इंग्लैड और श्रीलंका के बीच वनडे क्रिकेट में 78 मैच खेले गए हैं। 38 मुकाबलों में इंग्लैंड को जीत मिली है और 36 मैच श्रीलंका ने जीते हैं।

**वर्ल्डकप हेड-टू-हेड**

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 11 |
| इंग्लैंड जीता | 06 |
| श्रीलंका जीता | 05 |

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**इंग्लैंड**: जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स।

**श्रीलंका**: कुसाल मेंडिस (कप्तान), कुसाल परेरा, पथुम निसांका, लाहिरू कुमारा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रम, चरित असलंका, धनंजय डिसिल्वा, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेलालागे, कासुन रजिता, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंता और चमिका करुणारत्ने।

## हार्दिक का फिटनेस टेस्ट आज, इंग्लैंड के खिलाफ मैच से हो सकते हैं बाहर

नई दिल्ली,(एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या रविवार को लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे वर्ल्डकप के मैच से भी बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम गुरूवार को उनका फिटनेस टेस्ट करेगी और फिर उनके लौटने की तारीख निर्धारित होगी। हार्दिक को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान पुणे में चोट लगी थी। इसके बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला मैच का भी हिस्सा नहीं थे बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि हार्दिक की चोट अधिक गंभीर नहीं है, लेकिन इसके बाद उन्हें उपचार और रिहैब के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) भेज दिया गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि वह लखनऊ में भारतीय दल से फिर से जुड़ेंगे। लेकिन अब ऐसा होना संभव नहीं दिख रहा है।

## टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका! लिगामेंट फटने के कारण हार्दिक पंड्या नहीं खेल पाएंगे विश्व कप के 3 मैच

ऐसा लगता है कि टीम इंडिया के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले हफ्ते पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के खेल में टखने की चोट के बाद लंबे समय तक बाहर रह सकते हैं। हार्दिक ने फॉलो-थ्रू में गेंद को रोकने के प्रयास में अपना दाहिना पैर बढ़ाया, लेकिन गिर गए और उनका बायां टखना मुड़ गया। चोट, जो पहले गंभीर नहीं लग रही थी, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के लिए धर्मशाला की यात्रा नहीं करने के बाद भारतीय ऑलराउंडर को कुछ और खेलों से चूकना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हार्दिक के लिगामेंट में मोच आ गई है, जिसे टीओआई ने मामूली चोट बताया है, जिसे ठीक होने में दो हफ्ते तक का समय लग सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह ग्रेड 1 मोच है, जिसका अर्थ है हल्का खिंचाव और लिगामेंट के तंतुओं (फाइब्रिल्स) को कुछ नुकसान। हार्दिक के 29 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले इंग्लैंड मैच और 2 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ मुंबई में होने वाले अगले मैच में नहीं खेलने की संभावना है। हालांकि, अगर यह फट गया, तो यह संभावना नहीं है कि हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में 5 नवंबर के मैच में भाग लेंगे। एनसीए के एक सूत्र ने बताया, "हार्दिक अभी भी दवा ले रहे हैं। उनके बाएं टखने की सूजन काफी कम हो गई है, लेकिन वह सप्ताहांत में ही गेंदबाजी करना शुरू करेंगे। फिलहाल, महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें ठीक होने के लिए समय दिया जाए।" मोच की खबर की पुष्टि करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से कहा गया, पांड्या को गंभीर मोच आई है, लेकिन सौभाग्य से फ्रैक्चर नहीं हुआ है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम अधिकतम एहतियात बरतना चाहती है। उनके अगले दो से तीन मैचों में चूकने की संभावना है। टीम चाहती है कि वह नॉक-आउट चरण के लिए पूरी तरह फिट हो। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को टीम में लिया गया। हालाँकि, ऐसा लगता है कि टीम लखनऊ में तीन स्पिनरों के साथ उतर सकती है, लेकिन जब तक हार्दिक वापस नहीं आते, तब तक प्लेइंग इलेवन का संतुलन बिगड़ जाएगा और टेबल-टॉपर्स को इसके आसपास अपने तरीके से काम करने की उम्मीद होगी।

### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में एथलेटिक मेगा इवेंट 26 अक्टूबर से

**भोपाल (खेसं)**। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 स्टेट लेवल एथलेटिक प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 अक्टूबर को एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल के एथलीट मैदान पर किया जाएगा। प्रतियोगिता के सचिव सागर रायकवार ने बताया कि इस एथलेटिक प्रतियोगिता में अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 आयु वर्ग से मुख्यता भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, नर्मदापुरम, उज्जैन, सागर के साथ-साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश से 1456 स्कूली छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी स्कूलों के खिलाड़ी 25 अक्टूबर को भोपाल पहुंच रहे हैं। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 एवं 5000 मीटर के साथ-साथ लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हाई जंप के इवेंट होंगे। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र खिलाड़ी सीबीएसई की नेशनल एथलेटिक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई होंगे।

### आरएनटीयू के खिलाड़ियों का दल नेशनल गेम्स के लिए गोवा रवाना

**भोपाल (खेसं)**। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय आरएनटीयू के अलग-अलग खेलों के 24 खिलाड़ी 37वें नेशनल गेम्स 2023 में चयनित हुए हैं। फेंसिंग में शंकर पांडे, मोहित श्रीवास, बॉक्सिंग में रुचिर श्रीवास, हिमांशु श्रीवास, मलिका मोर, जिज्ञासा राजपूत, रोइंग में मनीषा दांगी, याचिंग में नेहा ठाकुर, एथलेटिक्स में दीक्षा, बूशरा खान गौरी, मनीषा, एकता डे, दुर्गा सेन, शिवकन्या मुक्ति, राइफल में नूपुर कुमरावत, रेस्लिंग में प्रियांशी प्रजापत याचिंग में शीतल सेंधव, ताइक्वांडो में शिवानी मालवीय, मधु सिंह, जूडो में हिमांशी टोकस, पवित्रा, मोनिका, श्रद्धा और श्रुति प्रतिभागिता कर रहे हैं।

## भारत ने जीते छह स्वर्ण सहित 30 पदक

### पैरा एशियन गेम्स: सुमित अंतिल, हैनी व अंकुर धामा को मिला सोना

हांगझोउ,(एजेंसी)। चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण पदक सहित 30 पदक जीते है। इसके साथ ही इन खेलों में भारत के कुल पदकों की संख्या 15 स्वर्ण सहित 64 हो गई है। बुधवार को सुमित अंतिल ने पैरा भाला फेंक असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए एफ 64 स्पर्धा में 73.29 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में पुष्पेंद्र सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 62.06 मीटर के भाला फेंक कर कांस्य पदक जीता। वहीं हैनी ने पुरुषों के भाला फेंक -एफ37/38 फाइनल में रिकॉर्ड बनाते हुए यहां



चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए 11वां स्वर्ण पदक हासिल किया। अंकुर धामा ने 4:27.70 के उल्लेखनीय समय के साथ पुरुषों की 1500 मीटर-टी11 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता।

### मप्र जूडो अकादमी के कपिल ने जीता रजत

**भोपाल,(खेसं)**। मध्य प्रदेश की एकमात्र नेत्रहीन जूडो अकादमी श्री ब्लिस मिशन से उपजे खिलाड़ी कपिल परमार ने पैरा एशियन खेलों के 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। कपिल सत्र 2021 से जापानी कोच से लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।



### अमोल मजूमदार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली,(एजेंसी)**। बीसीसीआई ने अमोल मजूमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति ने मुख्य कोच के पद के लिए तुषार अरोठे, जॉन लुईस और मजूमदार का साक्षात्कार लिया और शीर्ष पद के लिए मुंबई के पूर्व कप्तान और कोच का चयन किया। घरेलू दिग्गज अमोल मजूमदार ने अपने 21 साल के प्रभावशाली करियर के दौरान 171 मैचों में 30 शतकों सहित 11,000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए। उन्होंअमोल मजूमदार ने 100 से अधिक लिस्ट ए मैच और 14 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया।

## लंबे समय तक बैठे रहने से होने वाली मृत्यु के जोखिम को कम कर सकता है

# सिर्फ 25 मिनट का व्यायाम




**22 मिनट से अधिक शारीरिक गतिविधि की जाए तो मृत्यु का जोखिम समाप्त कर देती है।**

**लंदन (आईएएनएस)।** क्या आप काम पर लंबे समय तक बैठे रहने से होने वाली मृत्यु के जोखिम को कम करना चाहते हैं? एक शोध से पता चलता है कि इस जोखिम को साइकिल चलाने, रेजिस्टेंस ट्रेनिंग, बागवानी जैसी सिर्फ 20-25 मिनट की शारीरिक गतिविधि से कम किया जा सकता है।

ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में ऑनलाइन प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि शारीरिक गतिविधि की उच्च क्षमता कम जोखिम से जुड़ी हुई है। भले ही हर दिन बैठे रहने में कितना समय बिताया जाए। नॉर्वे में ट्रोम्सो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि अत्यधिक गतिहीन जीवनशैली मृत्यु के बढ़ते जोखिम से जुड़ी है। कम से कम 50 वर्ष की आयु के लगभग 12,000 लोगों के अध्ययन से पता चला है कि आठ घंटे की दैनिक गणना की तुलना में दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक बैठे रहने से मृत्यु का खतरा 38 प्रतिशत बढ़ जाता है। प्रतिदिन 22 मिनट से अधिक की मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी थी। जबकि जोरदार शारीरिक गतिविधि मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी थी। गतिहीन जीवनशैली और मृत्यु के बीच संबंध को काफी हद तक शारीरिक गतिविधि से दूर किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए दिन में 10 मिनट की शारीरिक गतिविधि 10.5 से कम घंटे बिताने वालों में मृत्यु के 15 प्रतिशत कम जोखिम से जुड़ी थी। वहीं, प्रतिदिन 10.5 घंटे से अधिक गतिहीन समय बिताने वालों में यह जोखिम 35 प्रतिशत कम था। वहीं शारीरिक गतिविधि में ज्यादा कैलोरी बर्न करने वाले लोग जो रोजाना 12 घंटे से अधिक काम करते हैं उनमें मृत्यु का जोखिम कम था। शोधकर्ताओं ने कहा, यह एक अवलोकन अध्ययन है और इस प्रकार, कारण और प्रभाव स्थापित नहीं किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि कम शारीरिक गतिविधि भी मृत्यु दर के जोखिम को कम करने के लिए एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। वहीं अगर 22 मिनट से अधिक शारीरिक गतिविधि की जाए तो यह जोखिम समाप्त कर देती है। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के प्रयासों से व्यक्तियों के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं।

# पृथ्वी पर जीवन खतरे में!



## जलवायु वैज्ञानिकों की एक टीम ने दी चेतावनी

**सिडनी (वार्ता)।** जलवायु वैज्ञानिकों की एक वैश्विक टीम ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पृथ्वी पर जीवन खतरे में है। इस टीम ने कहा कि ग्रह के 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 20 की पहचान उनके रिकॉर्ड चरम पर की गई है। बायो साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे चल रही मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर अभूतपूर्व दबाव पैदा हुआ है। रिपोर्ट के प्रमुख आंकड़ों में वार्षिक कोयले की खपत 2022 में 161.5 एक्साजूल के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। महासागर की अम्लता, ग्लेशियर की मोटाई और ग्रीनलैंड का बर्फ द्रव्यमान 2022 और 2023 के बीच रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया, जबकि 20 साल के औसत के सापेक्ष समुद्र का स्तर 58.1 मिलीमीटर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शोध दल ने तर्क दिया कि पृथ्वी पर जलवायु एक 'अज्ञात क्षेत्र' की ओर बढ़ रही है, जहां मानवता के इतिहास में किसी ने भी प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा है। जलवायु संबंधी कई रिकॉर्ड 2023 में टूटे हैं, जिससे चरम मौसम के खतरे पर बेचैनी बढ़ गई है।


## अमिताभ बच्चन के साथ काम करने को लेकर
# बेहद खुश हैं रजनीकांत



**मुंबई (वार्ता)।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ फिर से काम करने को लेकर बेहद खुश है। अमिभाभ बच्चन और रजनीकांत लंबे अरसे के बाद साथ में काम करने जा रहे है। रजनीकांत ने अमिताभ बच्चन के साथ काम करने की खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अमितभ के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 33 साल बाद, एक बार फिर मै टीजे ज्ञानवेल की निर्देशित फिल्म में अपने मेंटर अमिताभ बच्चन के साथ 'थलाइवर 170' में काम कर रहा हूं। मेरा दिल खुशी से झूम रहा है। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'हम' में नजर आए थे। इसके अलावा अमिताभ और रजनीकांत ने फिल्म 'गिरफ्तार'और 'अंधाकानून ' में भी साथ काम किया है।

## 'ध्रुव नटचतिरम' में ब्लैक ऑप्स स्पेशलिस्ट बन धमाल मचा रहे चियान विक्रम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** तमिल सुपरस्टार चियान विक्रम की जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ध्रुव नटचतिरम' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें अभिनेता



ब्लैक ऑप्स स्पेशलिस्ट की भूमिका में धमाल मचा रहे हैं। ट्रेलर में विस्फोटों, हाई-ऑक्टेन एक्शन रोमांस, डार्क कॉमेडी, हिंसा और क्रिकेट पर आधारित एक संपूर्ण एनालॉजी दिखाया गया है। 'ध्रुव नटचतिरम' 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए सरकार द्वारा 'द बेसमेंट' नामक एक नई 'ब्लैक ऑप्स टास्क फोर्स' बनाने के बारे में है। फिल्म में टीम में कुल 11 सदस्य होते हैं। इन 11 में से जॉन का किरदार निभा रहे विक्रम स्पेशलिस्ट हैं। जो हाई प्रोफाइल हत्याओं, जासूसी मुठभेड़ों सहित कई चीजों पर काम करते हैं। ट्रेलर औसत जासूसी फिल्म की तुलना में बहुत अधिक दिखता है और 'पठान' या 'वॉर' की तरह दिखने की बजाय, इसमें गहरा और गंभीर अनुभव होता है।

## कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ट्विटर का विकल्प
# पेबल हो रहा बंद

**सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।** ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) का विकल्प माइक्रो-ब्लॉगिंग स्टार्टअप पेबल (पूर्व में टी2) अब बंद हो रहा है। कंपनी ने कहा है कि पेबल को बचाने के लिए उनके पास समय नहीं बचा है। ऐप 20,000 रजिस्टर्ड यूजर्स में से 3,000 डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया। टी2 से इसकी रीब्रांडिंग के बाद डेली यूजर का आंकड़ा घटकर 1,000 रह गया।

पेबल के सह-संस्थापक और सीईओ गैबोर सेसेल ने कहा कि मुझे लगता है कि कंपीटिटिव लैंडस्केप जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक तेज़ी से विकसित हुआ। मैंने नहीं सोचा था कि बहुत से लोग वही काम करने की कोशिश करेंगे जो हम कर रहे थे और बिल्कुल समान तरीकों से। आज, एक्स विकल्पों का बाजार इंस्टाग्राम के थ्रेड्स, ओपन सोर्स-बेस्ड प्लेटफॉर्म मास्टोडॉन, जैक डोरसी-समर्थित ब्लूस्काई और अन्य जैसे प्लेटफार्मो से भरा हुआ है। सेसेल ने एक पेबल पोस्ट में लिखा कि हम निवेशकों के लिए तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई विकल्प होने के चलते चुनौती और भी बड़ी थी। पेबल को पूरी तरह साकार करने के लिए हमें अधिक निवेश और समय की आवश्यकता है। जैसे ही पेबल बंद हो जाएगा, अर्ली एडॉप्टर्स के पास अपने पेबल पोस्ट को जिप फाइल के रूप में एक्सपोर्ट करने का विकल्प होगा। पेबल यूजर्स को एक्स या किसी अन्य सोशल नेटवर्क पर वापस डायरेक्ट नहीं करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेबल अपने निवेशकों को बची हुई धनराशि की एक छोटी राशि भी लौटा रहा है। इस बीच, मस्क द्वारा संचालित एक्स पर हर दिन लगभग 500 मिलियन पोस्ट देखी जा रही है।




# दिलजीत दोसांझ
## नए ट्रैक 'हस हस' के लिए सिया के साथ करेंगे काम

**मुंबई (आईएएनएस)।** पंजाबी पॉप स्टार दिलजीत दोसांझ अपने नए सिंगल 'हस हस' के लिए ऑस्ट्रेलियाई सिंगर सिया के साथ काम करेंगे। सिंगर ने अपने कोलैबोरेशन रिपोर्ट की पुष्टि की, जो 26 अक्टूबर को सामने आएगी। दिलजीत ने एक्स पर सिया के एक फैनपेज सिया लवर्स को जवाब दिया और लिखा कि सिया लवर्स... मैं आप लोगों में से एक हूं... वी लव सिया! ऑस्ट्रेलियाई सिंगर के पेज ने दो पॉप जायंट की एक-दूसरे के साथ कोलैबोरेशन करते हुए आर्टवर्क शेयर किया, जिसमें दोनों एक-दूसरे के आमने-सामने थे।



आर्टवर्क का टाइटल 'हस हस दिलजीत एक्स सिया' था। ट्रैक का प्री-सेव अब उपलब्ध है। इससे पहले, दिलजीत दोसांझ को इस साल जुलाई में सिया के साथ रिकॉर्डिंग करते हुए देखा गया था, जिसने फैंस को उत्साह से भर दिया था। जब से दोनों को एक साथ देखा गया, 'माना दिल' हिटमेकर ने चुप्पी साध ली और इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया।

# खुशाली कुमार
## की फिल्म स्टारफिश का टीजर रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** अभिनेत्री खुशाली कुमार की आने वाली फिल्म स्टारफिश का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म अखिलेश जयसवाल द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और ऑलमाइटी मोशन पिक्चर द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में मिलिंद सोमन, एहान भट्ट ,तुषार खन्ना के साथ खुशाली कुमार मुख्य भूमिका में है। खुशाली कुमार ने कहा, जब स्टारफिश पहली बार मुझे ऑफर की गई थी, तो मै बड़े पर्दे पर इसकी दुनिया को देखकर दीवानी हो गई थी। एक कुशल व्यावसायिक गोताखोर तारा का किरदार निभाना मेरे लिए किसी थेरेपी से कम नहीं रहा है, वह मजबूत है और उसकी एक कमजोर साइड भी है। यह कुछ ऐसा है जिसने मुझे मोह लिया है, मैंने व्यक्तिगत रूप से इस हिस्से के लिए बहुत मेहनत की है और उम्मीद करती हूं कि लोग इसे पसंद करेंगे। वहीं मिलिंद सोमन ने कहा,अखिलेश ने स्टारफिश की दुनिया को काफी खूबसूरती से पेश किया है। मै फिल्म में एक गुरु की भूमिका निभा रहा हूं और इस किरदार का पूरा माहौल मुझे काफी आकर्षक लगा। इसके अलावा, कहानी काफी दिलचस्प है, एक अभिनेता के रूप में ऐसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं के आसपास रहना शानदार था। खुशाली ने मुझे तारा के किरदार से काफी प्रभावित किया है।

## खेसारीलाल यादव की फिल्म राजाराम की शूटिंग शुरू

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म राजाराम की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म में खेसारीलाल यादव भगवान श्रीराम और राहुल शर्मा लक्ष्मण की भूमिका में नजर आयेंगे। फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल करेंगे। इस फिल्म को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा कि फिल्म राजाराम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कहानी पर आधारित है। मै अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे भगवान श्री राम के किरदार को जीने का मौका मिला है। इसके लिए मै पराग पाटिल और टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी को धन्यवाद देता हूं कि वे हमारी भाषा भोजपुरी में भगवान राम को बड़े स्क्रीन पर लेकर आ रहे है और इसमें भगवान राम के किरदार के लिए मुझे चुना गया है। इसके अलावा भी फिल्म की कास्ट बेहद अच्छी है। हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। अपने दर्शकों को विश्वास दिलाता हूं कि यह फिल्म भोजपुरी फिल्म जगत के इतिहास में मील का पत्थर बनेगी।

वहीं फिल्म को लेकर पराग पाटिल ने कहा कि फिल्म ख़ास है। इसके लिए मेकिंग भी ख़ास होगी और इसकी शुरुआत हो चुकी है, उम्मीद है कि फिल्म सबों को पसंद आएगी।

# शिक्षा का विस्तार
## क्या जेन एआई प्लेटफॉर्म से आएगा बदलाव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** शिक्षा के तरीकों पर 1984 में बेंजामिन ब्लूम के मौलिक अध्ययन के बाद से 'दो सिग्मा समस्या' शिक्षा के सिद्धांत में विश्व स्तर पर सर्वाधिक स्वीकृत अवधारणाओं में से एक बन गई है। प्रसिद्ध अध्ययन प्रयोगों के एक सेट पर आधारित था जिसका निष्कर्ष है कि प्राइवेट ट्यूशन के चलते औसत छात्र सिर्फ क्लास में पढ़ने वाले छात्रों से दो मानक विचलन (सिग्मा) बेहतर प्रदर्शन करता है। दो सिग्मा समस्या सिद्धांत की सुंदरता इसकी तत्काल सहजता में निहित है। सभी देशों और समाजों में प्राइवेट ट्यूशन ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए स्पष्ट प्राथमिकता है जो इसे वहन कर सकता है।

भारत में एक श्रद्धेय 'गुरु' की अवधारणा, जो अपने शिष्यों पर अति-व्यक्तिगत ध्यान देकर ज्ञान प्रदान करता है, के इतिहास और पौराणिक कथाओं दोनों में कई संदर्भ मिलते हैं। जैसे-जैसे औद्योगिक क्रांति का प्रसार हुआ, प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार के साथ, शिक्षा एक व्यक्ति के विशेषाधिकार से बढ़कर अवसर के लिए एक अधिक सुलभ सेतु बन गई। इसने कक्षा पद्धति की शुरुआत को चिह्नित किया, जो अपने सदियों बाद भी सर्वव्यापी बनी हुई है। विशेष रूप से भारतीय क्लास रूम की विशेषता ये है कि इसका आकार बड़ा है। देश में 25 करोड़ से अधिक सक्रिय रूप से नामांकित छात्र हैं जबकि अच्छे शिक्षकों की संख्या इसके सौवें हिस्से से भी कम है। यहां तक कि शिक्षा प्रदान करने के सबसे हालिया प्रयासों, यानी एड-टेक में भी अनेक के साथ एक का संवाद सभी व्यवहार्य व्यवसाय मॉडल पर हावी है। ब्लूम के नोट्स में इस चुनौती को बहुत अच्छी तरह से उजागर किया गया था। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि प्राइवेट ट्यूशन अधिकांश समाजों के लिए बड़े पैमाने पर वहन करना बहुत महंगा है । भारत में, एक्सेल में हमारा मानना है कि लंबे समय से चली आ रही दो-सिग्मा समस्या को आखिरकार जेनरेटिव एआई प्रौद्योगिकी से एक आशाजनक समाधान मिल गया है। यदि हम थोड़ा गौर करें कि एलएलएम किसमें अच्छे हैं - ढेर सारी असंरचित जानकारी का विश्लेषण करने और वैयक्तिकृत उत्तर तैयार करने में तो सशक्त शिक्षण उपकरणों में उनकी प्रयोज्यता काफी स्पष्ट हो जाती है। आश्चर्य नहीं कि कई छात्र चैट जीपीटी के सबसे नियमित यूजरों में से हैं। डुओलिंगो और खान अकादमी जैसे वैश्विक एड-टेक दिग्गजों ने पहले से ही अपने हाल ही में लॉन्च किए गए एआई ट्यूटर फीचर्स पर उल्लेखनीय प्रतिक्रिया देखी है।



हमारा अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में जेनेरेटिव एआई को भारतीय शिक्षा में तीन तरीकों से बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा। पहला, बड़े पैमाने पर वैयक्तिकरण एआई-आधारित अनुशंसा प्रणाली लंबे समय से यूजरों (जिसमें एड-टेक भी शामिल हैं) के लिए प्रासंगिक कंटेंट पेश करती है। वहीं, जेनरेटिव एआई न केवल सिफारिश करता है बल्कि अत्यधिक प्रासंगिक कंटेंट का सृजन करके एक कदम आगे निकल जाता है। प्रत्येक छात्र के लिए अनुकूलित शिक्षण पथ एक वास्तविकता बनने की राह पर है क्योंकि नए कंटेंट तैयार करने की सीमांत लागत शून्य के करीब पहुंच गई है। निकट से मध्यम अवधि में कई उभरती वैयक्तिकरण विशेषताएं एड-टेक में सर्वव्यापी हो जाएंगी। उदाहरण के लिए एआई-जनरेटेड माइक्रो लेक्चर, चौबीसों घंटे उपलब्ध क्यूएनए बॉट, वैयक्तिकृत परीक्षण प्रतिक्रिया और इंस्टेंट प्रैक्टिस प्रॉब्लम। लंबी अवधि में एआई-जनित अनुकूलित शिक्षण पथ हमें भारत में शिक्षा शास्त्र के वर्तमान ऊपर से नीचे, अपेक्षाकृत कठोर डिजाइन की तुलना में अधिक फ्लेक्सिबल डिजाइन की ओर बढ़ने में मदद कर सकते हैं, जिनमें मूल अभिव्यक्तियों (उदाहरण के लिए एआई-आर्ट) और इंटरसेक्शनल विषयों (जैसे, कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान बनाम रसायन विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान) को अधिक महत्व दिया जायेगा।

**लंबी अवधि में एआई-जनित अनुकूलित शिक्षण पथ हमें भारत में शिक्षा शास्त्र के वर्तमान ऊपर से नीचे, अपेक्षाकृत कठोर डिजाइन की तुलना में अधिक फ्लेक्सिबल डिजाइन की ओर बढ़ने में मदद कर सकते हैं**

# डीएम के द्वारा प्राथमिक विद्यालय बड़गों व नेहियाखुर्द तथा नेहियाखुर्द में अमृत सरोवर का किया गया औचक निरीक्षण




प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा विकास खण्ड खलीलाबाद के प्रा०वि० बडगो एवं प्रा०वि० नेहियाखुर्द का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता एवं मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रा०वि० बडगो में कार्यरत 6 शिक्षकों के सापेक्ष 4 शिक्षक उपस्थित पाये गये। अवन्तिका श्रीवास्तव स०अ० एवं महिमा स०अ० आकस्मिक अवकाश पर थी। विद्यालय में नामांकित 125 बच्चों के सापेक्ष 95 बच्चें उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में मध्यान्ह भोजन, डी०बी०टी०, कम्पोजिट ग्राण्ट, पुस्तक वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। इसी प्रकार प्रा०वि० नेहियाखुर्द में कार्यरत सभी दोनो शिक्षक उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 160 बच्चों के सापेक्ष मात्र 82 बच्चे उपस्थित पायें। बच्चों की उपस्थिति कम होने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापिका से पृच्छा करने पर उनके द्वारा दशहरे के अवकाश के बाद विद्यालय खुलने का कारण बताया गया। विद्यालय की अध्यापिका द्वारा विद्यालय में शिक्षक की कमी बताते हुए विद्यालय में एक और शिक्षक नियुक्त करने की मांग की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में इस प्रकार के विद्यालयों को चिन्हित कर उनकी सूची प्रस्तुत करें। विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं एवं बच्चों का शैक्षिक स्तर में सुधार करतें हुए दिसम्बर 2023 तक विद्यालय को निपुण बनाने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय में मनरेगा के अन्तर्गत आपरेशन कायाकल्प के कार्यो, इण्टरलाकिंग, बाउण्ड्री वाल का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक स्कूल में पठन-पाठन के बारे में भी अध्यापिकाओं एवं बच्चों से पूछताछ भी किया गया। प्रा0वि0 में की गयी वाल पेटिंग को भी अन्य विद्यालयो में भी इसी तरह कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत नेहियाखुर्द में बने पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन परिसर में मनरेगा के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय एवं बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य चल रहा था। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग शौचालय में रैम्प न बनने पर प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। पंचायत भवन के क्रियाशीलता के संबंध में ग्राम सचिव, पंचायत सहायक एवं ग्राम प्रधान से जानकारी प्राप्त की गयी। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा अमृत सरोवर, खेल का मैदान एवं आगंनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निरीक्षण के समय डी०सी० मनरेगा प्रभात द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद विनोद मणि, ओ0एस0डी0 बलदाऊ शर्मा सहित आदि उपस्थित रहें।

## नि:शुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रखर गोरखपुर। आईजीएल के सौजन्य से दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा वितरण कैंप का आयोजन गुरुवार को हुआ और यह आयोजन वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्र की उपस्थित में हुआ। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा राज आई केयर अस्पताल के सहयोग से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 80 मरीजों की जांच हुई' कैंप का आयोजन वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा के देखरेख में सुबह दस बजे से शुरू हुआ कंपनी की तरफ से सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल भी मौजूद रहे।इस दौरान कुल 80 मरीजो की जांच हुई।19 मरीजों के आपरेशन की सलाह दी गई।शेष मरीजों को निःशुल्क दवा और जरूरतमंद को चश्मा दिया गया।इस दौरान ' डाक्टर अंकित यादव,डाक्टर वसीम,डाक्टर रवि कुमार,अंकित दूबे,रामरतन राव,मनीष कुमार के अलावा दुर्गा पूजा समिति के लोग मौजूद रहे।

## नवंबर के अंतिम सप्ताह तक पार्क में स्थापित हो जाएगी महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति

प्रखर जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की भब्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण के संभावित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा प्रशासनिक अमले के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह व राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह से मूर्ति की भब्यता और पार्क के सुंदरीकरण पर चर्चा किया। सीटी मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी, नगर पालिका के अधिशासी अभियंता पवन कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि डा. रामसूरत मौर्य के साथ मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य के एक- एक गतिविधि का गहनता से निरीक्षण किया। मौके पर कार्यरत मजदूरों से भी जानकारी ली। बातचीत के दौरान कृपाशंकर सिंह ने बताया कि बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भब्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी। समिति के सदस्यों के ऐतिहासिक कार्य की सराहना किया। जिलाधिकारी ने भी आश्वासन दिया कि पार्क के सुंदरीकरण में कही से भी कोई कमी नहीं रहेगा। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति 13 फीट ऊंची होगी जो करीब 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित की जाएगी। दीपावली बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मूर्ति का अनावरण का समय मांगा गया है। जौनपुर शहर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर लगने वाली इस मूर्ति से न सिर्फ जौनपुर अपितु पूरे पूर्वांचल का गौरव बढ़ेगा। मौके पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, श्यामराज सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।



## क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा



प्रखर जखनियां गाजीपुर। ब्लाक के सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक ब्लाक प्रमुख मुन्नी लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर मंथन किया। मौके पर बीडीओ अनुराग राय ने पिछले वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पटल पर रखा। प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास के प्राप्त लक्ष्य व पूर्णता से अवगत कराया। एवं क्षेत्र पंचायत से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना रोजगार की गारंटी देती है। मनरेगा योजना के चलते गांवों में विकास होता है। नाली, इंटर लॉकिंग,आरसीसी पौधरोपण के माध्यम से गांवों में नई क्रांति आई है। वहीं क्षेत्र पंचायत के अवरुद्ध विकास कार्यों को सकुशल संपन्न कराएं जाने का निर्णय लिया गया। वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन,15 वां वित्त एवं राज्य वित्त योजनाओं पर विचार किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने एम.डी.एम कायाकल्प पर अपना विचार रखा। सीडीपीओ राजेश सिंह ने पेंशन योजना कि जानकारी देते हुए कहा कि जिसकी वार्षिक आय दो लाख से कम और 60 वर्ष से ऊपर का उम्र चाहिए। 80 साल से अधिक उम्र वाले पति पत्नी दोनों को पेंशन मिलेगी। इसके लिए जनसेवा केंद्र से आन लाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने सरकार की सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमङ्गल योजना,भूले भटके बच्चो के लिए 0 से 18 वर्ष के बच्चो को डायल 1098 के बारे में जानकारी दी।

## ग्रामीण युवकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 21 दिवसीय माली प्रशिक्षण का शुभारंभ

प्रखर गाजीपुर। कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर गाजीपुर में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण सभागार में 21 दिवसीय माली प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शशांक सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से बेरोजगार युवक एवं युवतियाँ न केवल अपने कौशल ज्ञान की गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं, बल्कि परंपरागत पेसे से हटकर इस कौशल ज्ञान का उपयोग स्वावलंबी बनने में कर सकते हैं। डॉ सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उद्यान की विभिन्न कलाओं जैसे कलमी पौधों को तैयार करना, सब्जियों का पौध तैयार करना, सब्जियों का बीज तैयार करना, संरक्षित खेती आदि पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को केंद्र के द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। अभियंत्रण वैज्ञानिक डॉ. शशांक शेखर ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को कहां की किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से माली प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें नर्सरी के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने ने बताया कि नर्सरी आमदनी का मुख्य स्त्रोत है इसमें नुकसान होने की संभावना न के बराबर होती है। डॉ शेखर ने ये भी बताया कि बदलते समय में बागवानी से सम्बंधित क्षेत्र में भी काफी बदलाव आया है। इसके जानकारों की काफी मांग बढ़ी है। माली प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के सृजन की काफी संभावनाएं है। इसमें कमाई के कई विकल्प सामने आये है। प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण के बाद सिर्फ बागवानी व नर्सरी का ही विकल्प नहीं होता है। वे किसी समारोह, सामाजिक कार्य आदि में भी सजावट का काम कर सकते है। इसके अलावा बड़े शहरों में आवासीय व व्यवसायिक परिसर के आस पास लॉन आदि बनाने का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। ऐसे में स्वाभाविक है कि इस प्रशिक्षण का महत्व काफी बढ़ गया है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ अविनाश कुमार राय ने उन्नत तरीके से नर्सरी उत्पादन, नए पौधों का निर्माण, नर्सरी में अलंकृत पौधे, लान तैयार करना, गमलों का मिश्रण बनाना एवं प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्राकृतिक तरीके से पोषक तत्व प्रबंधन कर पौध व सब्जी उत्पादन के बारे में भी जानकारी दी।



## सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय का किया निरीक्षण, मुख्य चिकित्साधिकारी ए.के. दुबे को सौंपा ज्ञापन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष विवेक कहार रौकी के नेतृत्व में 26 अक्टूबर गुरूवार को रामनगर स्थित लाल बहादुर चिकत्सालय का निरीक्षण किया वहीं निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर मे व्याप्त विभिन्न समस्याओं को संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी ए के दुबे से किया मुलाकात` मुलाकात के दौरान कार्यकताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे जितेंद्र यादव मालिक व विवेक कहार रौकी ने चिकित्साधिकारी को समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा की इलाके में इन घर घर डेंगू मलेरिया का प्रकोप फैला हुआ है जिसके कारण मरीजों की लाइन लगी है,मरीजों को दवा लेने के लिए लम्बा इंतेजार करना पड़ रहा,साथ ही दवा वितरण काउंटर दो बजे बंद कर दिया जाता है` एक तो दवा वितरण का एक ही काउंटर है उपर से दो बजे वो भी बंद हो जाता है ये एक गंभीर समस्या है इसके निदान के लिए एक और महिला पुरुष का काउंटर बनाया जाय ताकि मरीज समय से दवा लेकर अपने घर जा सके इसके साथ ही अस्पताल परिसर में दलालों का दबदबा बना हुआ है जो कमीशन के चक्कर में मरीजों को बहार की दवा दिलवाते है और जाँच कराने को बाध्य करते हैं नियमित रूप से कर्मचारियों द्वारा चेकिंग करा कर इन दलाल लोगों को अस्पताल परिसर से बहार किया जाए` अपनी बात को आगे रखते हुए उन्होंने कहा की अस्पताल की ओर से मरीजों को दिये जाने वाले नि शुल्क भोजन में भी शिकायत मिल रही है जिसमें ज्ञात हुआ है पानी की तरह दाल और सब्जी दिया जा रहा है अल्ट्रासाउंड के लिए भी शिकायत की गयी कि अल्ट्रासाउंड जो तीन दिन ही होता है हफ्ते में उसको बढाकर कम से कम पाँच दिन किया जाए ` चिकत्साधिकारी ने सारी शिकायतों को सुनने के बाद आश्वासन दिया की समस्याओं को जल्द ही दूर कर दिया जायेगा जो समस्याएं आगे से निस्तारित होनी है उसको आगे उच्चाधिकारियों तक प्रेषित कर दिया जायेगा` ज्ञापन देने वालों मे समजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विवेक कहांर रौकी,पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव मालिक, कैंट विधान सभा अध्यक्ष मनोज यादव, उपाध्यक्ष आदर्श कुमार, सचिव कृष्णा यादव, महानगर मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता शाबिहुल हसन फातमी, महानगर सचिव मनीष यादव,पूर्व प्रधान रामबाबू सोनकर, लवकुश सहनी, प्रीतांशु रावत, ऋषि चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे।


## भरत मिलाप के सुंदर मंचन से श्रोता भाव- विभोर



प्रखर शाहगंज जौनपुर। तहसील क्षेत्र के सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत कटघर रामनगर में आदर्श रामलीला समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला के अंतिम दिन पात्रों ने भरत मिलाप का सुंदर मंचन किया। पात्रों द्वारा किये गए उत्कृष्ट अभिनय को श्रोताओं ने जमकर सराहा। शानदार मंचन और प्रस्तुति से भरत के आदर्श भाई के अनुकरणीय जीवन की छाप लोगों पर पड़ी। जीवंत एवं सजीव चरित्र -चित्रण से दर्शन व श्रोता भाव -विभोर हो उठे।भरत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक अजय मिश्र ने बताया कि रामायण के सबसे उत्कृष्ट पात्र भरत का जीवन भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय है।उन्होंने उनके जीवन को आदर्श भाई,त्याग और प्रेम की पराकाष्ठा और प्रेरणा का अनुपम उदाहरण बताया।उन्होंने कहा कि प्रभुता और समस्त ऐश्वर्य के होते हुए भी जिस महापुरुष के मन में राज्य के वैभव में कोई आसक्ति न हो और अनासक्त भाव से जीवन जिया । ऐसा जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए अनुसरण करने योग्य है। उन्होंने कहा कि एक भाई के प्रति भाई का जीवन कैसा होना चाहिए इसे भरत के चरित्र से सीखना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के चरणों में उनका अनन्य प्रेम और भक्ति भाव इतना प्रबल था कि सिंहासन पर चरण पादुका रखकर एक आदर्श और विरक्त राजा का जीवन जिया।उन्होंने समस्त धन-वैभव को ठोकर मार दिया।भगवान राम के लिए उन्होंने सब कुछ त्याग दिया। उन्होंने कहा कि आज स्वार्थ और बदले की भावना से एक भाई दूसरे भाई के खून का प्यास बन गया है।धन और संपत्ति के लालच के वशीभूत होकर भाई ही भाई का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया है। समाज में एक बहुत बड़ी विकृति की स्थिति उत्पन्न हो गई है।भाई ही अपने भाई का गला रेतने के लिए तैयार है।ऐसी स्थिति में पूरी दुनिया और समाज की रक्षा के लिए भरत के जीवन चरित्र को आत्मसात करने के अलावा दुनिया में कोई दूसरा विकल्प नहीं है।रामलीला को सकुशल संपन्न और सफल बनाने के लिए पात्रों,आयोजकों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर राम गोविंद दुबे, विनय मिश्र,ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र बिंद, दिनेश प्रताप सिंह, गिरिजेश प्रताप सिंह, गंगा प्रसाद बिंद, रामकृष्ण दुबे, प्रेमनाथ दुबे, रमेश दुबे, विकास तिवारी, शिव प्रसाद यादव, राम कलेश विश्वकर्मा ,ध्रुव तिवारी, अमरेश यादव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सत्यनारायण पांडेय, शैलेन्द्र त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद पांडेय, महेश तिवारी ,अवधेश दुबे, अशोक सोनी आदि उपस्थित रहे।

## चोरी के शक में विक्षिप्त युवक की पिटाई कर खम्बे से लटकाया

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के जैगहा बाजार से बीती रात दुर्गा पूजा पंडाल से दान पेटिका से पैसा चोरी करने के शक में नाराज ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवक की जमकर पिटाई कर दी, बाद में उसे लकड़ी के पोल पर लटका दिया । हालांकि पुलिस के पूछताक्ष में किसी तरह की नकदी नही मिली । युवक को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लाई । युवक के साथ हुई दरिंदगी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है । उक्त गांव में दुर्गा पूजा का पंडाल लगा । बुधवार को मुर्ति का विसर्जन भी हुआ । आरोप है कि इसी गांव के शंकर ताड़ीदास ने दान पेटिका से पैसा चोरी करते किसी ने देख लिया । कुछ लोगों ने उसे बैठा लिया, तब तक भारी भीड़ इकठ्ठा हो गयी । आक्रोशित लोगों ने मोटी रकम चोरी करने का आरोप लगाते हुए धुनाई कर दी, फिर उसे पंडाल के पोल पर जूता का हार पहनाकर बांध दिया । सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से मुक्ति किया । वही कुछ ग्रामीण कहते दिखे यदि उसे चोरी करते देखा गया है, तो पुलिस को सूचित करते लेकिन कुछ लोगों ने तालिबानी सजा की भी हद पार कर दिया । युवक का शराब का आदी और मानसिक बीमार बताया जाता । इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चंदन राय से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि चोरी करने की शिकायत पर हिरासत में लिया गया है । वह मंदबुद्धि और शराब का आदी है । किसी तरह की नकदी उससे बरामद नही हुई है । जाँच की जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### पुरोहित परिवार ने 151 कन्याओं को सम्मानित कर, बांटे उपहार



प्रखर जौनपुर। शीतला चौकियां धाम में शीतला महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के प्रमुख विद्याधर त्रिपाठी ने अपनी पत्नी मनोज कुमारी त्रिपाठी के साथ शुभ एवम पावन अवसर पर 151 कन्याओं के लिए बड़े ही धूम धाम से कन्याभोज आयोजित करवाया तथा सभी कन्यायों को खाद्य सामग्री,थाली, लाल चुनरी तथा दक्षिणा स्वरूप लिफाफा भेंट किया।शीतला मंदिर के पोखरे के पास एक भव्य कार्यक्रम कर विशाल कतार में बैठा कर कन्याओं को सम्मानित किया गया,यह दृश्य देख मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में भी हर्ष का माहौल उत्पन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा.सुभाष सिंह, विशिष्ठ अतिथि गायक अवधेश पाठक,सहकारी सचिव उग्रसेन दुबे,अधिवक्ता राजन तिवारी,डा.कृतिका त्रिपाठी रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु सरोज दुबे,नूतन उपाध्याय,अनुश्रुति त्रिपाठी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी,श्वेता पाण्डे, प्रज्ञा शुक्ला,सत्य प्रकाश मिश्रा, अवनीश त्रिपाठी,आदर्श त्रिपाठी,कल्याणी पांडेय ने कार्यक्रम में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

### चोलापुर में दानगंज बाजार क्षेत्र के कई गांव में मां दुर्गा का प्रतिमा धूमधाम से विसर्जित किया गया



प्रखर चोलापुर वाराणसी। दानगंज बाजार में धूमधाम से मां दुर्गा का प्रतिमा विसर्जित किया गया दानगंज चौकी प्रभारी अभिनव श्रीवास्तव पूरी टीम के साथ दानगंज बाजार में अपने स्तर पर मुस्तैद दिखे नवागत चौक प्रभारी अभिनव श्रीवास्तव द्वारा दानगंज बाजार में विजयदशमी रामलीला और मूर्ति विसर्जन में विशेष तौर पर मुस्तादी देखी गई किसी प्रकार का कोई भी दुर्घटना या विवाद देखने को नहीं मिला थोड़ा बहुत मूर्ति विसर्जन करते वक्त नाराजगी दिखाई दिया दानगंज तालाब पर साफ सफाई न होने की वजह से। क्षेत्र में बहुत ही धूमधाम से कई गांव में भी मां दुर्गा का प्रतिमा रखा गया था ग्राम सभा कैथॉर के ग्राम सभा मोहनदासपुर ,भिदुर, भदवां में भी प्रतिमा का विसर्जन किया गया । गांव वालों ने ढोल नगाड़े और डीजे के साथ माता रानी का प्रतिमा विसर्जित किया ग्रामीण और दानगंज बाजार में नए चौकी प्रभारी का प्रशंसा करते हुए देखा गया।

### अस्सी घाट पर वीणा पाणिनि मां सरस्वती के वाद्य यंत्र से राग केरवानी में आलाप, जोड़, मध्य लय गत, द्रुत लय गत समापन पीलू राग धुन पहाड़ी से किया




प्रखर वाराणसी। घाट संध्या के अंतर्गत नवरात्रि विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में अश्विनी शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के अंतर्गत वाराणसी के युवा कलाकार श्री राघवेंद्र कुमार जी ने वीणा पाणिनि मां सरस्वती के वाद्य यंत्र से राग केरवानी में आलाप, जोड़, मध्य लय गत, द्रुत लय गत समापन पीलू राग धुन पहाड़ी से किया। आज की प्रस्तुति ने मां गंगा के पावन तट पर उपस्थित समस्त दर्शक के हृदय को आनंदित किया। संगतकार कलाकार के रूप में तबला पर श्री अंकित कुमार सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया।सीमा केसरी ने सफल संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

### एनडीआरएफ की टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को आपदा से बचाव, एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। 22 अक्टूबर से चल रहे 8 दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-172, भोलाराम मस्करा इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेट्स को पांचवे दिन एनडीआरफ की टीम ने आपदा से बचाव की ट्रेनिंग दी। एक विशेष ट्रेनिंग टीम ने कैडेट्स को खुद और दूसरों के बचाव के तरीकों पर व्याख्यान भी दिया। कैम्प कमांडेंट कर्नल सतीश कवर के आग्रह पर एनडीआरफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आर.आर.सी. गोरखपुर के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ के निरीक्षक राम यज्ञ शुक्ला व इनकी टीम ने एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय किए जाने वाले बचाव के तरीके के बारे में ट्रेनिंग दी। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स को बताया की परिस्थितियां कैसी भी हो, हार ना माने। "इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को प्राथमिक उपचार, ट्रामा मैनेजमेंट हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देना, बाढ़ के दौरान किए जाने वाले, बचाव व उपायों के बारे में उदाहरण देकर समझाया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं